# C O N T E N T S

**Sixteenth Series, Vol. V Third Session, 2014/1936 (Saka)**
**No. 10, Friday, December 05, 2014/Agrahayana 14, 1936 (Saka)**

| SUBJECT | PAGES |
| --- | --- |
| **STATEMENT BY THE PRIME MINISTER** | |
| Reported use of objectionable lanugage by a Union Minister | 2-3 |
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| *Starred Question Nos. 181 to 189 | 5-60 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos. 190 to 200 | 61-104 |
| Unstarred Question Nos. 2071 to 2300 | 105-581 |

*The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 582-595

**LEAVE OF ABSENCE OF MEMBERS FROM SITTINGS OF THE HOUSE** 596

**STATEMENT BY MINISTER**

Status of implementation of the recommendations contained in the 72nd Report of the Standing Committee on Finance on Action Taken by the Government on the 32nd Report of the Committee on Appraisal of BPL criteria, pertaining to the Ministry of Planning

**Rao Inderjit Singh** 597

**BUSINESS OF THE HOUSE** 598-603

**ELECTIONS TO COMMITTEES** 604-607

(i) Governing Council of North Eastern Indira Gandhi Regional Institute of Health and Medical Science 604

(ii) Tuberculosis Association of India 605

(iii) Rubber Board 606

(iv) Rajghat Samadhi Committee 607

**DISCUSSION UNDER RULE 193** 630-653

Natural calamities in various parts of the country

Shrimati Bijoya Chakravarty 630-632

Shri Bhartruhari Mahtab 633-639

Shrimati Rama Devi 640-642

Shri Vinayak Bhaurao Raut 643-645

Shri Hukmdeo Narayan Yadav 646-647

Shri Hukum Singh 648-649

Shri Jagdambika Pal 650-652

Shri Keshav Prasad Maurya 653

**MOTION RE: SECOND REPORT OF COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS** 654

**PRIVATE MEMBERS' RESOLUTION** 655-709

Implementation of the recommendations of the National Commission on Farmers

Shri Bhartruhari Mahtab 655-662

Shri Prahlad Singh Patel 663-667

Shri Prem Singh Chandumajra 668-670

Dr. Satya Pal Singh 671-673

Shri Bhagwant Mann 674-676

Shri Hukumdeo Narayan Yadav 677-680

Shri Rattan Lal Kataria 681-683

Shri Hukum Singh 684-686

Shri Nishikant Dubey 687-691

Shri Faggan Singh Kulaste 692-693

Shri P.P. Chaudhary 694-696

Shri Jagdambika Pal 697-700

Shri Nagendra Kumar Pradhan 701-703

Shri Virendra Singh 704-708

**ANNEXURE – I**

Member-wise Index to Starred Questions 710

Member-wise Index to Unstarred Questions 711-715

**ANNEXURE – II**

Ministry-wise Index to Starred Questions 716

Ministry-wise Index to Unstarred Questions 717

# OFFICERS OF LOK SABHA

**THE SPEAKER**

Shrimati Sumitra Mahajan

**THE DEPUTY SPEAKER**

Dr. M. Thambidurai

**PANEL OF CHAIRPERSONS**

Shri Arjun Charan Sethi

Shri Hukmdeo Narayan Yadav

Prof. K.V. Thomas

Shri Anandrao Adsul

Shri Prahlad Joshi

Dr. Ratna De (Nag)

Shri Ramen Deka

Shri Konakalla Narayana Rao

Shri Hukum Singh

**SECRETARY GENERAL**

Shri Anoop Mishra

# LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

----------

Friday, December 05, 2014/Agrahayana 14, 1936 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

HON. SPEAKER: Question Hour. Q. No. 181, Shri M. B. Rajesh.

… (*Interruptions*)

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT, MINISTER OF HOUSING AND URBAN POVERTY ALLEVIATION AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. VENKAIAH NAIDU): Madam Speaker, the other day, when the hon. Prime Minister made a statement in the Rajya Sabha responding to the issue that was being discussed, there was a suggestion and also a demand from the Lok Sabha that the Prime Minister should make such a statement in the Lok Sabha also.

The hon. Prime Minister is present here in the House. I would seek your permission to permit the Prime Minister to make a statement on this issue.

**माननीय अध्यक्ष** : ठीक है। They were demanding it yesterday.

**11.01 hrs.**

## STATEMENT BY THE PRIME MINISTER
## Reported use of objectionable lanugage by a Union Minister

**प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी) :** आदरणीय अध्यक्ष महोदया जी, पिछले कुछ समय से राज्य सभा में सदन नहीं चल पा रहा है। मैं लोक सभा के सभी सदस्यों का आभारी हूँ कि उन्होंने इस इश्यू की सेंसिटिविटी होने के बावजूद भी सदन को चलने दिया है। इस विवादित बयान के सम्बन्ध में संसद में मसला उठने से पहले जब मेरी पार्टी के सांसदों की मीटिंग हुई थी, उसमें मैंने बड़ी कठोरता के साथ ऐसे शब्दों का प्रयोग और ऐसी भाषा का प्रयोग न करने की हिदायत भी दी थी और अपनी नाराज़गी भी प्रकट की थी। कोई भी ऐसी चीजों को अप्रूव नहीं कर सकता है। बाद में मंत्री श्री ने माफी मांगी है। मंत्री श्री नयी हैं, उनके सामाजिक बैकग्राउंड को हम जानते हैं, वे गांव से हैं और उन्होंने क्षमा मांगी है। इस सदन में वरिष्ठ जनों का कर्त्तव्य होता है कि इतने बड़े सदन के सामने हमारा एक साथी जब क्षमा मांगता है तो हमें भी उदारता बरतनी चाहिए। मैं लोक सभा के सभी सदस्यों का आभारी हूँ कि उन्होंने सदन चलने दिया है। मैं इस बात पर, पूरे सदन का भी और हम सबका भी, सार्वजनिक जीवन में जो लोग हैं, उनका यह दायित्व मानता हूँ कि मर्यादाओं को हम सबको स्वीकार करना चाहिए और उन मर्यादाओं के अंदर रहते हुए ही, चाहे वह सदन के अंदर हो या बाहर, हमें बातें बोलनी चाहिए। उसमें कोई वाद-विवाद नहीं हो सकता है। मैं मानता हूँ कि जब मंत्री श्री ने क्षमा मांगी है और वे एक नयी मंत्री हैं तो सभी वरिष्ठ नेताओं को भी और अपने-अपने दल

के जो लोग वहाँ बैठे हैं, उनको भी अनुरोध करना चाहिए और इस विषय को समाप्त करके देश हित में काम को आगे बढ़ाना चाहिए। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अब इसके बाद क्या हुआ? खड़गे जी, एक तो कोई नोटिस नहीं है।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, कल भी आपके लोग बार-बार यह मांग कर रहे थे कि प्रधानमंत्री जवाब दें, ऐसी आपकी घोषणाएं थीं। आज प्रधानमंत्री जी ने इस बात को कह दिया है। मुझे लगता है अब इस विषय को छोड़ देना चाहिए।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** महोदया, माननीय प्रधान मंत्री जी को भी मालूम हो जाए कि किस संदर्भ में यह कदम उठाया गया है और क्यों इस सदन में ऐसी घटना हुई है। उनके नोटिस में भी लाना जरुरी है क्योंकि वे सदन के नेता हैं। हम किसी व्यक्ति के विरुद्ध नहीं हैं, या किसी व्यक्ति का बैकग्राउंड देखकर एजीटेशन या माहौल तैयार नहीं कर रहे हैं। हमारा यह कहना है कि मंत्री लोग, जो बाहर स्टेटमेंट एक नहीं, दो नहीं और आपके पक्ष के अनेक नेता भी ऐसे स्टेटमेंट दे रहे हैं। सारे देश में एक ऐसा वातावरण तैयार हो रहा है जिससे समाज की एकता टूटने का खतरा है। इसीलिए क्या एक्शन वह लेना चाहते हैं और उन्हें किस ढंग से डायरेक्शन देकर सुधारना चाहते हैं। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सभी के नेता ऐसे स्टेटमेंट दे रहे हैं। ठीक है, अब आपकी बात पूरी हो गयी हैं। ऐसा कुछ नहीं होता है, अब उन्होंने कह दिया है, अब इसके बाद बात समाप्त हो जानी चाहिए।

...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: No, I am sorry.

… (*Interruptions*)

**11.06 hrs**

*At this stage, Shri Mallikarjun Kharge and some other hon. Members left the House.*

… (*Interruptions*)

---

**11.07 hrs.**

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

HON. SPEAKER: Q.No. 181, Shri M.B. Rajesh. Do you not want to ask the question?

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** टेबल कीजिएगा।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री पी.वेणुगोपाल जी। आप सप्लीमेंट्री प्रश्न पूछना चाहेंगे।

**(Q.181)**

DR. P. VENUGOPAL : Madam, the main aim of Independent Evaluation Office was to evaluate the smooth functioning of central social sector schemes. Instead of going into that, the IEO is keen on replacing the Planning Commission in the name of reformation. In a democratic set up, social welfare schemes are to be evolved by the political sections of the society. I would like to know whether this Government will ignore the need to evolve people-centric social sector schemes which have been carried out by our beloved leader, Amma by upholding the century old tradition of Dravidian movement. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** प्लीज, आप यहां से न जाए। When anybody is speaking, उनके सामने से नहीं जाया जाता, इतना तो नियम याद रखें। If you want to go, you can go. But this is no discipline.

… (*Interruptions*)

DR. P. VENUGOPAL : I would like to know whether social sector schemes will get importance and more funds will be allocated with renewed vigour and with effective monitoring mechanism. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Nothing will go on record except what the hon. Minister speaks.

*(Interruptions) …*[*]

---

[*] Not recorded.

RAO INDERJIT SINGH: Madam, the Independent Evaluation Office was conceived of in 2010. It was conceived of as an attached office of the Planning Commission. The notification for the Independent Evaluation Office took place in 2011. In 2013, the first Director-General of the Independent Evaluation Office took charge. Thereafter, he held office for a span of about a year. …(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Nothing is going on record. I have already said that only the Minister's statement will go on record. Whatever Minister is speaking and whatever I have allowed, that will only go on record.

*(Interruptions) …* *

RAO INDERJIT SINGH: Shall I continue?

HON. SPEAKER: Yes.

RAO INDERJIT SINGH: The Director-General of the Independent Evaluation Office held office for about a year. Currently, the Director-General's chair is vacant. The Prime Minister on the 15th of August this year announced that the Planning Commission itself will have to be revamped and a new institution will take the place. The present Planning Commission was constituted vide Government of India Resolution dated March 15, 1950. The Government has decided to replace this resolution with a new resolution. But while the new decision has to take place, the old decision is currently in place. The decision to revamp the Planning Commission to a new institution took place because the so-called social sector schemes that the hon. Member has asked for, have not been implemented over the last 64 years in the manner desirable by the country. Therefore, one is at the cusp between the old institution and the new institution. I can only assure the hon. Member that the Government is fully committed today to ensure that the social sector schemes are implemented in the best way possible that the benefits of governance reach the lowest common denominator and everybody in the new dispensation hopefully will be addressed.

* Not recorded.

## (Q. 182)

**श्री सुमेधानन्द सरस्वती :** अध्यक्ष जी, जैसा कि हम जानते हैं कि मिग-21 लड़ाकू विमान जो कि भारतीय वायु सेना की रीढ़ होता था, इस लड़ाकू विमान को चरणबद्ध तरीके से फेज़ आउट कर दिए जाने से वायु सेना को लड़ाकू विमानों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। इसके मद्देनज़र वायु सेना फ्रांस से राफ़ेल लड़ाकू विमान खरीदने पर विचार कर रही है। मैं माननीय रक्षा मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि राफेल लड़ाकू विमान फ्रांस से खरीदने के विषय में अभी तक क्या प्रगति हुई है एवं लड़ाकू विमानों की खरीद में तेजी लाने के लिए सरकार द्वारा क्या क़दम उठाए जा रहे हैं?

**श्री मनोहर पर्रिकर :** महोदया, मीडियम मल्टी रोल कॉम्बेट एयरक्राफ्ट राफ़ेल का आर.एफ.पी. हम लोगों ने इश्यू किया था, उसके बारे में नेगोशिएशन्स चालू है और जब तक नेगोशिएशन्स खत्म नहीं होती हैं, तब तक उस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है। इसके अलावा माननीय सदस्य की चिंता मिग रिप्लेसमेंट को लेकर है। उसके लिए तेजस का इनिशियल ऑपरेशनल क्लीयरेन्स हो गया है और तेजस के बीस और बीस, चालीस एयरक्राफ्ट एयर फोर्स में शामिल होंगे। एसयू-30 का भी प्रोडक्शन एचएएल से चालू है।

**श्री सुमेधानन्द सरस्वती :** महोदया, भारत मिसाइल एवं अंतरिक्ष विज्ञान में विश्व के विकसित एवं अग्रणी देशों की श्रेणी में शामिल है। लेकिन लड़ाकू विमानों के निर्माण में भारत अभी भी अन्य देशों पर ही निर्भर है। मेरा माननीय मंत्री जी से दूसरा पूरक प्रश्न यह है कि स्टैल्थ प्रोद्योगिकी से सुसज्जित लड़ाकू विमानों का भारत में निर्माण शुरू कराने, जिससे माननीय प्रधानमंत्री जी के मेक इन इंडिया कार्यक्रम को भी गति मिलेगी, क्या सरकार ने मेक इन इंडिया कार्यक्रम के लिए कोई कार्य योजना तैयार की है? यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है?

**श्री मनोहर पर्रिकर :** महोदया, एलसीए का निर्माण तेजस के रूप में इस समय किया जा रहा है। 20 इनिशियल ऑपरेशनल क्लीयरेंस और 20 फाइनल ऑपरेशनल क्लीयरेंस से वायु सेना में शामिल किए जाएंगे। लेकिन माननीय सदस्य का जो प्रश्न है, मैं बताना चाहूंगा कि टेक्नोलॉजिकल आई.जी.ए. साइन हुआ है, वह वर्ष 2007 में हुआ है और काफी हद तक फिफ्थ जनरेशन एयरक्राफ्ट का डिज़ाइन भी शुरू हो चुका है। प्राइमरी डिज़ाइन फाइनल हो चुका है और आर एंड डी का मामला फाइनल स्टेज पर है। मुझे लगता है कि इसको अगर हम कर पाए तो ज्यादा तेजी से काम कर सकेंगे। इसमें काफी टेक्नोलॉजी इम्पोर्टिड रह सकती है, क्योंकि हमारे पास इतना समय नहीं है कि हम इसे डेवलप करके रिप्लेस करें।

SHRI KALIKESH N. SINGH DEO (BOLANGIR): Madam Speaker, it is a known fact that the condition of the Indian Air Force is absolutely perilous especially in the backdrop of the preparedness of both our neighbours, China and Pakistan.

The Indian Air Force has been reduced to a mere 34 Squadrons. f the two big purchases is the MMRCA as the Minister was talking about. The methodology being used to procure the MMRCA, use of life cycle cost has been strongly and vehemently opposed by the Ministry of Finance itself putting that procurement into major major delays for many years. The other, the Russian joint venture development is currently under a lot of threat because Russians are refusing to pass on critical sensitive technology to the Indian Government for joint development. In this context, Madam, I fear that the Indian Air Force has a long wait before it actually gets any planes and the Tejas will not qualify. So, I am just wondering what this Government or what the Minister has specifically in his mind to address this critical gap of advanced preparedness in the Indian Air Force?

SHRI MANOHAR PARRIKAR: Tejas is physically a replacement of MIG-21 which is being phased out. Mk-II which has a more powerful engine is being taken for upgradation of Tejas Mk-I. I think that will satisfy the phasing out of MIG-21. The production is also going on Sukhoi platform. A lot of Sukhoi aircrafts will be introduced. As far as your LCC concerns are concerned, we are looking into it. At this stage, I would not be able to say anything because the negotiations are on. Let the process get over. We have noted his concerns about LCC also.

SHRI R.K. SINGH : Hon. Speaker Madam, I have two concerns with respect to what is happening in defence procurement. One concern pertains to procurement of MMRCA. I notice that the aircraft which was bid for and the aircraft which was finally selected are of 1980s technology, a technology which is on its way out. We are going to spend huge amount of money on aircrafts equipped with obsolete technology. The aircraft which is proposed to be procured- Rafale, does not compare in any way with Su-30. So why are you going in for it? Also, the cost is

prohibitive. As my colleague pointed out, the concept of life cycle cost has actually made aircraft much more expensive than what it would have been if we had purchased it according to normal financial rules. So, my first question is, why are you going in for an aircraft which is virtually on its last leg? Now I come to second question.

HON. SPEAKER: You can ask only one question.

SHRI R.K. SINGH : The second question actually flows from the first one. It is about the prospective multi-roll fighter, the 5th generation aircraft. We have tied up with the Soviet Union for design and development of this aircraft. But my information is that this aircraft is already flying in the Soviet Union. So what is the design and development all about?

SHRI MANOHAR PARRIKAR: Firstly, I think his concern is about Rafael. As I said very clearly, once the complete negotiations are over, we will definitely take his concerns into account. Rafale is not old generation aircraft; it belongs to 4th + generation. It is quite a new aircraft. In fact, the 5th generation aircraft is only with USA which is F-22 Raptor. The other one they are manufacturing is also out there to be sold but we would not get it obviously because the first production will go to NATO and other countries. So, we have to develop these because there is no 5th generation aircraft available in the market. Of course, the Russian version is already in test flight. Once the R&D part is taken care of, we will get it. What we are getting is almost very close technology to what Russians themselves are manufacturing.

SHRI P.R. SUNDARAM : Hon. Speaker Madam, India had the resource to launch satellite to Mars and proved it. But when it comes to defence products, they usually purchase different products like fighter aircrafts from Russia, though Mig-21 has seen a lot of crashes in recent years in Russia. On purchase of defence products with Russia, as per agreement the delivery of the product was delayed. I would like to know what type of action has been taken for this as per agreement.

SHRI MANOHAR PARRIKAR: I think there is slight confusion between MIG-21 and MIG-29. What is being phased out is MIG-21 which is an old aircraft. MIG-29 is the latest one which we get from Russia, which has quite advanced technology. What we are doing here is a fifth generation stealth capacity aircraft which basically does not leave radar signature immediately. There is a time lag between the radar signature. So, automatically its strike rate improves sufficiently over the normal aircraft.

As regards space technology, we are quite ahead. We are doing successful testing of all the missiles and other technologies. We are also introducing them. There is some constraint obviously because of number and the cost of development.

**(Q.183)**

SHRI FEROZE VARUN GANDHI : Madam, my question is regarding Pakistan. Pakistan has decided to provide India with Non-Discriminatory Market Access status as opposed to the Most Favoured Nation status with a view to avoid possible political ramifications that may occur over the nomenclature of the Most Favoured Nation status in Pakistan.

In the wake of discontinuation of Foreign Secretary level talks, are we in some way, if any, pursuing this order to secure the NDMA agreement from Pakistan?

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Madam Speaker, the hon. Member was right in saying that the different nomenclature is now being used. However, ultimately it just stands for the Most Favoured Nation Treatment that Pakistan has, unfortunately, failed to give us, although we had given the Most Favoured Nation status to Pakistan even in 1996. Subsequently, of course, use of this nomenclature – Non-Discriminatory Market Access - came to play. However, it only means MFN from our point of view. In this, I would just put it on record that the first attempt to get the MFN status back again in return to the status that we have offered to Pakistan was taken up even in September 2012 when the Commerce Secretaries of both the countries met. Subsequently, when the fifth SAARC Business Leaders Conclave was held in January, 2014, the Commerce Ministers of both the countries met and did commit and reiterate the commitment of both the Governments to get back to the schedule which was agreed for giving MFN status to India. Unfortunately, we have not progressed on it. It is hoped after the meeting on 27th May by the Prime Ministers of both the countries that we would go back to trade normalization route. We are hoping that there must be something happening on this.

SHRI FEROZE VARUN GANDHI : Madam, what steps are being taken by the Government on our side to improve trade facilitation in order to compliment the trade liberalization between the two nations?

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: At this stage, there are no specific talks which are being held. As I said, after the 27th May, post the swearing-in ceremony when the Prime Minister had invited Pakistan and the Prime Ministers of SAARC countries Prime Ministers to attend, it was stated that there could be a move immediately towards full trade normalization on the basis of the September 2012 blueprint. We hoped that would have continued but at the moment, there is nothing specifically happening on this.

**श्री राधेश्याम बिश्वास :** मैडम, हमारा प्रश्न वाणिज्य मंत्रालय से संबंधित है। अगर आप परमिट करें तो हम पूछना चाहेंगे।

**माननीय अध्यक्ष :** अगर आप इस प्रश्न से संबंधित पूछना चाहते हैं तभी पूछ सकते हैं, मंत्रालय से संबंधित नहीं पूछ सकते हैं।

**(Q. 184)**

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :** माननीय अध्यक्ष महोदया, कई वर्षों से केंद्र सरकार देश में गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों के लिए योजना घोषित करती है। इस योजना में करोड़ों रूपये खर्च होते हैं। फिर भी आज देश के कई भागों में कुपोषित बच्चों की संख्या लगभग 40 प्रतिशत है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूँ कि देश के किन राज्यों में कुपोषित बच्चों की संख्या सबसे अधिक है? इस बारे में राज्यवार जानकारी दें और देश में भूख और कुपोषण के कारण हर साल कितने बच्चों और गर्भवती महिलाओं की मृत्यु होती है?

SHRIMATI MANEKA SANJAY GANDHI: Madam, the hon. Member has asked me which are the worst States regarding malnutrition. There are 200 districts, it is not so much States, which are worst affected. The overall worst States would be – Bihar, Chhattisgarh, Himachal Pradesh, Jammu and Kashmir, Jharkhand, Madhya Pradesh, Odisha, Rajasthan, Uttar Pradesh and Uttarakhand. These are the 10 States which have the largest incidence of malnutrition both in mothers and in children.

Regarding death figures, it is not possible for me to give death figures because these are not recorded for malnutrition data.

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :** महोदया, एक समय देश में पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहा देश, आज पोलियो मुक्त हो रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह कहना चाहता हूँ कि हमारा देश कुपोषण से कब मुक्त होगा? क्या सरकार इस बारे में कोई समिति गठित कर रही है? सरकार का क्या विचार है?

SHRIMATI MANEKA SANJAY GANDHI: Madam, the Government has taken this extremely seriously. Malnutrition levels were at 47 per cent. They are coming down but we have put this now into the mission mode and made it the main programme of this Ministry. We are re-training the Anganwadi workers. We spent about Rs.18000 crore every year. Unfortunately, there was a lack of training. The programme was focussed around a belief that they would feed the children and the mother. Now we are concentrating on weighing machines which will give us the real time status. We have two different kinds of programmes and

one is the Sneh Shivir which is based on positive deviance. This means that for 12 days a month, we get best case studies – the children who are not malnourished and their mothers and then train a woman who do have malnourishment. We have started the re-training of Anganwadi workers. We hope to be working with them in a much more defined way with them to deliver results.

In 200 high-burden districts, we have placed second worker whose job is to go door-to-door to pick up malnutrition children. We have made a special card in which each house is identified to find out what is the status of both the mother and the child. These were pilots that were originally taken up in West Bengal and Odisha. The Sneh Shivirs have worked extremely well. So, we are now adopting them for all the 200 burdened districts. Hopefully, as a result of this mission we will be able to show you results within a year.

**श्री विनोद कुमार सोनकर :** महोदया, पूरा देश कुपोषित माताओं और बच्चों को ले कर चिंतित है। लेकिन इनके लिए काम करने वाली जो आंगनबाड़ी कार्यकत्री हैं, विशेष कर उत्तर प्रदेश में, उनकी सेवा को ले कर, उनके कार्य को ले कर जितना वेतन उनको मिलना चाहिए या सेवा नियमों का पालन होना चाहिए वह नहीं हो रहा है। मैं केंद्र सरकार से जानना चाहता हूँ कि शिक्षा मित्रों की तरह क्या आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियमितिकरण करने का विचार है?

SHRIMATI MANEKA SANJAY GANDHI: Madam, there is no proposal to regularize them but they are being re-trained. There is a whole package coming up in which they are re-trained; they are going to be given weighing machines; and they are going to be giving us reports in real time. It is quite true that they get a honorarium from the Ministry of Rs.3000 a month. But under the scheme terms, the State is supposed to add an additionality. Some States give them Rs.2000 more or Rs.3000 more. Some States like Uttar Pradesh unfortunately have only agreed to give them Rs.200 more. We have added now schemes in which they get insurance. This Government has given them insurance. We give help to their children. It is not for us to decide on whether to give them more because we give them a base. The State Government has to decide on how much they will add.

SHRIMATI KOTHAPALLI GEETHA : Hon. Speaker, Madam, thank you for giving me this opportunity to raise a question. We appreciate the initiative of the Government, on ICDS, in their commitment for women and child welfare. But the hon. Minister replied in a detailed statement about the programme of *Sneh Sivir* for which the Government spent Rs. 123 crore last year. But for the Anganwadi programmes we do not have proper buildings till date and the implementation of the programme also is not proper. I would like to ask the hon. Minister if the Central Government is designing a mechanism wherein it will monitor the implementation of these schemes in coordination with the State Governments because *Sneh Sivir* is a very good policy but at the grassroot level there are certain lacunae. Every Member of Parliament here is a member of the monitoring and vigilance committee but this particular scheme does not find place in the list of items that need to be monitored. Is the Central Government preparing to design a scheme to monitor this programme?

SHRIMATI MANEKA SANJAY GANDHI: There are already several layers of monitoring. There is the CDPO, under that comes the supervisor. The Supervisor monitors the Anganwadi. The Anganwadi monitors the village. Now, the Anganwadis in those high burden districts is going to be given a helper. But it is a good suggestion that it should be in the list of things that Members of Parliament can monitor. We will see what we can do about that.

**श्री दुष्यंत चौटाला :** महोदया, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि आज हमारा 123 करोड़ की आबादी का देश है। अगर वर्ल्ड हंगर इंडेक्स की बात करें तो हम 55वें रैंक पर आते हैं। आज भी 30.7 परसेंट बच्चे हमारे देश के अन्दर मॉल न्यूट्रिस्ट हैं। हमने तीन लाख सात हजार स्नेह शिविर लगाये।

मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि उन स्नेह शिविरों से क्या आउटपुट आया? जो मॉल न्यूट्रिशियन लेवल आज भी हमारे देश के अंदर 30.7 परसेंट है, क्या स्नेह शिविरों के बाद वह कम हुआ है या आज भी वह वहीं स्टैंड करता है?

**श्रीमती मेनका संजय गांधी :** अभी तक जो पॉयलट प्रोजेक्ट था, वह वेस्ट बंगाल और उड़ीसा में था। स्नेह शिविरों की वजह से Malnutrition did come down. It had a very positive, strong and an

immediate effect. It usually takes just a couple of months to show the effect. This is what did happen which is why we have now adopted this and we are now going to put it in the high burden districts to begin with.

**श्रीमती पूनम महाजन :** महोदया, मैं इसी विषय पर यह बात कहना चाहती हूँ कि कुपोषण के बारे में माननीय मंत्री जी ने कहा था और कुछ स्टेट्स के उन्होंने नाम लिए। जिस प्रदेश से मैं आती हूँ, वहाँ पर ठाणे से लेकर उत्तर महाराष्ट्र और विदर्भ में अभी भी कुपोषण बहुत ज्यादा है। इस भीषण कुपोषण की वजह यह है कि आई.सी.डी.एस. के मुद्दे उसमें आते हैं। मैं इतना ही कहना चाहती हूँ कि महाराष्ट्र की सरकार ने एक मुद्दा उठाया था कि महिला बचत घर, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स ही इन विषयों को आगे लेकर जाएगा। जब यह खाना सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के माध्यम से बनाया जाता है, फिर वह किसी और आर्गनाइजेशन से टाईअप करती है, किसी और बड़ी कम्पनी से टाईअप करते हैं, लेकिन महाराष्ट्र में उस खाने की क्वालिटी कन्ट्रोल पर एक मैकेनिज्म नहीं हो पा रहा है। बहुत जगहों पर अच्छा खाना नहीं बन रहा है, क्योंकि, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के पास उतना पैसा नहीं होता है, जिससे अच्छी क्वालिटी का खाना नहीं पहुँच पा रहा है।

मैं माननीय मंत्री जी से यही पूछना चाहती हूँ कि बच्चों को अच्छा खाना मिल सके, इसके लिए क्वालिटी कन्ट्रोल का क्या मैकेनिज्म हैं?

SHRIMATI MANEKA SANJAY GANDHI: The answer to this question will be a complicated one. I wish I could give you a clear answer but the Supreme Court in two separate judgments stated this. In one it said कि यह कान्ट्रेक्टरों को दिया जाए, the second judgement said कि आप एन.जी.ओज. के जरिए दे दें। There is another school of thought which says that कि इन दोनों को छोड़कर के the food should be made within the village by the Anganwadis. Now, we have a problem. The anganwadis do not have community centres in most places. They do not have kitchens; they do not have toilets. So, how do they cook food?

Secondly, yes, some NGOs are good. Sometimes, the NGOs deliver and sometimes, they do not deliver. The contractors also have the same problem. Sometimes they cheat and sometimes, they do not. We are trying to find out a viable mix and match. We have sent out teams all over India to find out as to what is working where.

For instance, it is excellent in Aurangabad, Maharashtra. We are trying to follow what happens in Aurangabad. *Akshaya patra* is doing extremely well in the whole State of Rajasthan and it is an NGO. In some areas, contractors are doing well and others not so. So, we have to decentralise the scheme and also find out a proper mix and match. It really cannot be one thing fits all.

HON. SPEAKER: Q.185, Shri Ram Tahal Choudhary – not present.

**(Q. 185)**

**श्री चन्द्रकांत खैरे :** अध्यक्ष जी, कई कम्पनियों एवं फर्मों द्वारा धोखाधड़ी इक्नोमिक आफेंस के माध्यम से हो रही है और ऐसी कई कम्पनियां देश में हैं। ऐसी कितनी कम्पनियां हैं, उनके क्या नाम हैं तथा उनके ऊपर क्या कार्रवाई की गई है? आम आदमी को प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत एक लाख रुपए लेने के लिए सौ चक्कर लगाने पड़ते हैं, वहीं बड़े-बड़े कोरपोरेट सैक्टर के लोग बोर्ड के उच्च अधिकारियों से बात करके पैसा प्राप्त कर लेते हैं और बाद में आफेंस करके पैसा नहीं चुकाते हैं। ऐसी कितनी कम्पनियां हैं, जिन्होंने ऐसा किया है, कृपया मंत्री जी उनका ब्यौरा दें?

**श्री अरुण जेटली :** माननीय सदस्य ने एक जनरल प्रश्न किया है कि आर्थिक विषयों में किस-किस प्रावधान में कितने अपराध हो रहे हैं। इसके बहुत सारे कानून हैं। ये अपराध इनकम टैक्स एक्ट में होते हैं, एक्साइज़ लॉज़ में होते हैं, मनी लांडरिंग में होते हैं, फेमा में होते हैं, साफेमा में होते हैं, काफीपोज़ा में होते हैं, प्रिवेंशन आफ करप्शन एक्ट में हैं और इस प्रकार से बहुत अधिक कानून हैं। इसकी कोई कम्पोजिट लिस्ट केवल कम्पनियों के संबंध में अलग से बनाई जाए, ऐसी कोई लिस्ट उपलब्ध नहीं है। लेकिन जहां-जहां कोई इंडिविजुअल या कोई पार्टनरशिप फर्म हो या कोई कम्पनी हो, जो अपराध करता है, उसके खिलाफ इन अलग-अलग कानूनों के तहत कार्यवाही की जाती है।

**श्री चन्द्रकांत खैरे :** महोदय, किंगफिशर एयरलाइंस वर्ष 2012 से बंद है। इसमें हज़ारों कर्मचारी काम करते थे। आज वे बेकार हैं। हमारी स्टैंडिंग कमेटी मुम्बई में गई थी। उस समय स्टेट बैंक आफ इंडिया के चेयरमैन को मैंने और समिति के सभी सदस्यों ने पूछा था, समिति के तत्कालीन चेयरमैन आदरणीय यशवंत सिन्हा जी ने भी पूछा था।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप किसी का नाम मत लीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री चन्द्रकांत खैरे :** महोदय, उस समय वह एयर लाइंस और लोगों को पैसा देने के लिए तैयार थे, लेकिन हमारी स्टैंडिंग कमेटी की वजह से वह रुक गया। मैं कहना चाहता हूं कि आज भी दस हजार करोड़ रुपया उनकी तरफ बकाया है। उनका यूबी ग्रुप से कांट्रेक्ट है। यूबी ग्रुप प्राफिटेबल है। क्या वे उनकी तरफ से पैसा जमा नहीं करेंगे?

**माननीय अध्यक्ष :** आप प्रश्न पूछिए।

...(व्यवधान)

**श्री चन्द्रकांत खैरे :** महोदय, साउथ अफ्रीका में उनका बहुत बड़ा करोबार है। मैं यह पूछना चाहता हूं कि ऐसे आफेंस करने वाली बहुत-सी कम्पनियां हैं। इसमें बताना चाहता हूं कि एस.बी.आई. के 1400 करोड़ रुपए, पी.एन.बी. के 700 करोड़ रुपए, बैंक आफ बड़ौदा के 500 करोड़ रुपए, आई.सी.आई.सी. के 450 करोड़ बकाया हैं। यह तो जनता का पैसा है। उनकी तरफ 10 हजार करोड़ रुपए का बकाया है। आज यह पैसा कैसे वसूल होगा? मैं मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि इक्नोमिक आफेंस में आर.बी.आई. के रूल के अनुसार कोई कार्रवाई की गई है या नहीं की गई है?

**श्री अरुण जेटली :** अध्यक्ष जी, इसमें दो अलग-अलग विषय हैं। अगर बैंक से इस इरादे से लोन लिया गया है कि बैंक को चीट करना है तो ऐसे केसेज में उन पर पीनल लॉ के तहत कार्रवाई होती है। ऐसे कई केसेज हैं, जिनमें कार्रवाई हो रही है। कुछ केसेज ऐसे हैं कि लोन लेने के बाद चेक्स बाउंस वगैरह हो जाते हैं। आपने कुछ कंपनियों का जिक्र किया। जिन लोगों को वे फिर पैसा नहीं दे पाते हैं या जिनके चेक्स बाउंस करते हैं, तो वे नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट में उनके खिलाफ केस डाल देते हैं। कुछ केस केवल इसी प्रकार के हैं।

पिछले दो-तीन वर्षों में जब अर्थव्यवस्था थोड़ी धीमी हुई तो इसकी संख्या बढ़ी है। बैंकों से जो लोग लोन लेते हैं, उसमें दो प्रतिशत तक एनपीएज को एक प्रकार से एक्सेप्टेबल मान लेते हैं। लेकिन पिछले दो-ढाई वर्षों में ये जो नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स थे, इनकी संख्या उस दो प्रतिशत से ऊपर होकर छः प्रतिशत को भी क्रॉस कर गयी है। इसका मतलब बैंकों से पैसा लेना और उस पैसे को वापस न लौटाना, इस प्रकार के केसेज की संख्या बढ़ी है। ऐसे सभी केसेज में बैंक इनके खिलाफ कार्रवाई करते हैं। अगर वह कार्रवाई किसी क्रिमिनल लॉ के तहत संभव होती है तो वह भी कर सकते हैं, लेकिन जो उनके पास सिविल लॉ के अधिकार हैं, उसकी कार्रवाई तो निश्चित रूप से संभव होती है। वे डी.आर.टी. में उनके खिलाफ मुक़दमा डालते हैं, उनसे पैसा वसूल करने की कोशिश करते हैं और एक दूसरा कानून तब लाया गया था जब पहले एनडीए की सरकार थी। यह सरफाज़ी नाम का कानून है, जिस कानून के तहत आप पन्द्रह दिन या कुछ अवधि का नोटिस देते हैं और उस कंपनी ने अपने जो भी एसेट्स सिक्यूरिटाइजेशन में दिए हुए हैं, उन एसेट्स को उसी वक्त अटैच कर लेते हैं और बैंक उन एसेट्स को अटैच करने के बाद उनकी नीलामी का निर्देश दे देते हैं। उसके लिए बैंक को फिर डी.आर.टी. या कोर्ट में नहीं जाना पड़ता, वह सिर्फ उन एसेट्स के सेल के माध्यम से उस पैसे की वसूली करता है। ऐसे जितने भी केसेज में बड़े डेटर्स हैं, उसके लिए बैंक के पास ये अधिकार हैं और वे ये सारी प्रक्रिया अपना रहे हैं।

इसके अतिरिक्त रिज़र्व बैंक गाइडलाइंस के तहत भी अलग-अलग श्रेणी होती है, जैसे किसी को विलफुल डिफॉल्टर घोषित करना और नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स की भी एक ग्रेडेशन होती है इत्यादि। उसका यह कंसीक्वेंस रहता है कि जिस कंपनी को आप ऐसा डिक्लेयर कर देते हैं, उनके ऊपर फिर बहुत सख्त कार्रवाई हो जाती है। उन्हें फिर किसी दूसरे स्थान से लोन नहीं मिल सकता, उसके जो डायरेक्टर्स हैं, वे भी डिफॉल्टर्स घोषित हो जाते हैं। अगर वे किसी दूसरी कंपनी में भी डायरेक्टर हैं तो उस कंपनी को भी फिर लोन नहीं मिलेगा। इस प्रकार की सख्त कार्रवाई का इन सब कानूनों में प्रावधान है, जिसके तहत, आपने जिन केसेज का उदाहरण दिया, उन केसेज में भी कार्रवाई हो रही है।

**श्री कौशल किशोर :** महोदया, मैं आपके माध्यम से इनडायरेक्ट आर्थिक अपराध करने वालों के बारे में जानना चाहता हूं। जो वित्तीय फर्म हैं, उनमें कुछ लोग आर्थिक अपराध तो करते हैं, लेकिन कुछ कंपनियां ऐसी भी हैं, जैसे यूनिटेक जैसी कंपनियां हैं, जो लोगों से यह कह कर पैसा लेती हैं कि हम आपको मकान देंगे और उन लोगों का पैसा चार-चार, पांच-पांच सालों तक फंसाए रख कर उन पैसों का दूसरी ज़गह यूज करती हैं। यह एक इनडायरेक्ट अपराध है। इसमें सरकार की बदनामी होती है और सरकार के ऊपर भी आक्षेप आता है कि इसकी वज़ह से लोगों का नुकसान हो रहा है।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं, वैसे मंत्री जी यह कह सकते हैं कि यह उनसे जुड़ा हुआ सवाल नहीं है, लेकिन चूंकि यह सरकार से जुड़ा हुआ सवाल है और ये प्राइवेट फर्म्स हमारे देश में ही काम कर रहे हैं, तो ऐसी प्राइवेट फर्मों के खिलाफ आप क्या कार्रवाई करेंगे? उनके खिलाफ आप कौन-सा निर्णय लेंगे?

**श्री अरुण जेटली :** अध्यक्ष जी, इस प्रकार से छोटे निवेशकों से पैसा ले लेना और उन निवेशकों के पैसे का दुरूपयोग करना, उन्हें वापस न देना, या उनको किसी प्रकार का आश्वासन दे देना कि आपको मक़ान मिलेगा या किसी मल्टी लेयरिंग मार्केटिंग स्कीम का आश्वासन दे देना, इसके संबंध में बहुत शिकायतें आती हैं। पिछले सत्र में ही हमने सेबी के कानून को संशोधित किया था, जो लागू हो चुका है। जो भी इस प्रकार की कलेक्टिव सेविंग स्कीम्स हैं, उन्हें हम लोगों ने सेबी के अधिकार क्षेत्र में डाल दिया है, जिसमें उनके पास ऐसे लोगों के खिलाफ क्रिमिनल प्रॉसीक्यूशन लॉंच करने के अब ज्यादा अधिकार हो गये हैं। इसके अतिरिक्त, इस दिशा में काम करने वाले चिट फंड्स के सम्बन्ध में कुछ राज्य सरकारों के पास भी अपने कानून हैं और केन्द्र के भी कानून हैं, जिसके तहत वे कार्रवाई करते हैं।

इसके अतिरिक्त अगर कोई ऐसी योजना आती है कि आपको मकान या फ्लैट दिया जाएगा और उसके लिए लोगों से पैसे ले लेना और उसको न देना, यह केवल फौजदारी कानून के अधिकार क्षेत्र में आता है। कोई भी चीटेड व्यक्ति अगर इसकी शिकायत करता है तो जो कन्संर्ड पुलिस है, उसके पास पूरा अधिकार है और उस पर कार्रवाई करने के पर्याप्त प्रावधान हैं। इस प्रकार के अपराध करने की वजह से आज भी बहुत से लोग जेलों में हैं।

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत :** महोदया, अभी एन.पी.ए. के विषय में चर्चा हो रही थी। निश्चित रूप से यह देश के लिए चिन्ता का विषय है। यह जानकारी प्राप्त हुई है कि तीन लाख करोड़ से ज्यादा रूपयों का एन.पी.ए. देश में है और वह प्रत्यक्ष रूप से है, अप्रत्यक्ष रूप से है, यह आँकड़ा कई लाख करोड़ का है। वर्तमान में ऐसी स्थिति बनी है कि इस स्थिति को अगर तुरन्त ठीक नहीं किया गया या इस विषय में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाये गए तो भारत सरकार की जो नेशनलाइज बैंकों में हिस्सेदारी है, वह हिस्सेदारी कम हो सकती है, क्या ऐसी कोई स्थिति वित्त मंत्रालय ने नोटिस की है?

**श्री अरुण जेटली :** यह स्थिति निश्चित रूप से चिन्ता की है, लेकिन इतनी गम्भीर नहीं है, जितनी आपके प्रश्न से प्रतीत हो रही है। आज भी जो हमारे पब्लिक सेक्टर बैंक्स हैं, इनमें कंजरवेटिव और कन्वेंशल बैंकिंग की एक परम्परा रही है। इसी वजह से पूरे विश्व में आज से कुछ साल पहले जब बैंकिंग संकट आया था तो भारत उस प्रकार की बैंकिंग की वजह से उस संकट से भी बचा रहा था।

जब अर्थव्यवस्था धीमी होती है और जो लोग व्यवसाय करते हैं, उनकी प्रॉफिटेबिलिटी भी कम होती है, तो स्वाभाविक है कि इस प्रकार की परिस्थिति पैदा होती है। इसके साथ-साथ कुछ लोग ऐसे भी हैं जो जानबूझकर बैंकों का पैसा लेकर उसे डायवर्ट करते हैं। इन सारे कारणों की वजह से पिछले दो-तीन वर्षों में बैंक्स के नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स भी बढ़े हैं। जैसा मैंने उत्तर में आंकड़ा दिया, इसके अलावा स्ट्रेस्ड एसेट्स भी बढ़े हैं, उनकी संख्या भी बढ़ी है। स्ट्रेस्ड एसेट्स वे हैं, जहां कंपनी काम कर रही है, अभी वह घाटे में है, लेकिन उसके लोन को रीस्ट्रक्चर करते हैं, ताकि कंपनी बंद न हो जाए, उसके कर्मचारी रोजगार से बाहर न हो जाएं, तो इसलिए उनको और सुविधा देते हैं, ताकि वह कंपनी दोबारा खड़ी हो सके। इससे कर्मचारियों का रोजगार भी बच जाए, कंपनी अपना प्रोडक्शन भी करती रहे और वह पैसा वापस दे दे। इनकी संख्या बढ़ी है। यह विषय गंभीर और चिंता का है। इसलिए बैंक्स इस दिशा में कार्रवाई कर रहे हैं। जो डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज है, इस पर कड़ी नजर हम लोग बनाये रखते हैं। मेरी हाल में बैंक्स के सभी चेयरमैंस के साथ इस विषय पर अलग से बैठक हुयी और उनसे बातचीत हुयी। हम लोग

स्थिति को नियंत्रण में लायेंगे और बैंक्स भी इसके लिए काफी डिटरमेंड हैं कि एनपीएज की संख्या कम हो। हम डी.आर.टी की बेंचेज बढ़ा रहे हैं, अपील ट्रिब्युनल्स उसके अंदर बढ़ा रहे हैं, ताकि वसूली की जो कार्रवाई है, उसे भी हम थोड़ा शीघ्र एक्सपीडाइट कर पाएं।

HON. SPEAKER: Q. 186 – Shri Vincent H. Pala – not present.

Prof. Saugata Roy – not present.

दोनों माननीय सदस्य सदन में उपस्थित नहीं है। मिस्टर मिनिस्टर आप रिप्लाई टेबल पर ले कर दीजिए। इस विषय पर वैसे भी पहले पूरक प्रश्न हो चुके हैं।

…(व्यवधान)

**(Q. 186)**

**प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी) :** महोदया, इस पर सवाल तो नहीं आया। प्लानिंग कमीशन के विषय में यह प्रश्न है। बहुत विस्तार से कंसल्टेशन का प्रयास किया गया है। जिनकी स्वयं रूचि है, जिनके पास ज्ञान है और जिनके पास अनुभव है, उन सब को जोड़कर आने वाले पांच-दस वर्ष तक कैसे इंस्टीटय़ूट काम करे, इस पर विचार-विमर्श चला है। 7 तारीख को मैंने सभी मुख्यमंत्रियों को बुलाया है। उनके साथ भी विस्तार से विचार-विमर्श करेंगे। प्लानिंग कमीशन में पहले भी अन्दर यह काफी चर्चा रही है कि इसमें समयानुकूल परिवर्तन कैसे लाया जाया, उन्हीं चीजों को आगे लेकर एक नये स्वरूप की दिशा में प्रयास चल रहा है।

**(Q. 187)**

**श्री लक्ष्मण गिलुवा :** अध्यक्ष महोदया, सरकार का उत्तर मिल गया है। रक्त दान महादान है, इस संबंध में, मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि उपभोक्ताओं की हितों की रक्षा के लिए विशेष रूप से निजी क्षेत्र के रक्त बैंकों के कार्यकलाप को विनियमित करने के लिए क्या तंत्र स्थापित किया गया है या आने वाले दिनों में उसके लिए क्या योजना है?

**श्री जगत प्रकाश नड्डा :** अध्यक्ष महोदया, यह ब्लड बैंक से संबंधित प्रश्न है। देश में कुल 2635 स्टेट और यूनियन टैरिटोरिवाइज ब्लड बैंक्स हैं। इन ब्लड बैंक्स को ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया और स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटिज के कोऑर्डिनेशन से लाइसेन्स दिए जाते है, इसलिए लाइसेन्स देने का अधिकार ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया को है। वह सारे पैरामीटर्स को देख कर लाइसेन्स देते हैं। ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया और एड्स कंट्रोल सोसयाटिज स्थान-स्थान पर और समय-समय पर सरप्राइज इन्सपैक्शन करती हैं और वे इन्सपैक्शन के साथ-साथ यह देखती हैं कि क्वालिटी ब्लड और सेफ ब्लड दिया जा रहा है या नहीं और साधारण व्यक्ति को ऐक्सेस टू ब्लड है या नहीं है। इस तरीके का यह कंटिन्यूअस मॉनिटरिंग प्रोसेस है। इसी प्रोसेस को एनकरेज करने के लिए हम वालन्टरी ब्लड डोनेशन को एनकरेज करते हैं और उसके लिए अवेयरनेस का प्रोग्राम भी चलाते हैं। हमने नेशनल ब्लड ट्रासफ्रयूजन सर्विसेज को कोऑर्डिनेशन स्टीयरिंग कमेटी के रूप में परिवर्तित किया है। यह कमेटी हर तीन महीने में मिलती है और अपने इन्सपेक्शन की रिपोर्ट की चर्चा करती है। इसको कैसे अधिक अच्छा बनाया जा सके इसके लिए हम प्रयासरत है।

मैं एक बात आपके माध्यम से इस हाउस में शेयर करना चाहता हूं कि ब्लड ऐक्सस के मामले में, डब्ल्यू.एच.ओ. ने दुनिया के 51 देशों को हाई लेवल पॉलिसी मेकर्स में शामिल किया है उसमें भारत भी आता है, - for achieving self sufficiency and safe blood, blood products based on voluntary non-remunerative donations. यानी हम डब्ल्यू.एच.ओ के वर्ल्ड स्टैन्डर्ड के तहत उन 51 देशों में आते हैं जो सेफ ब्लड, ऐक्सेस टू ब्लड और क्वालिटी ब्लड देने में सफल रहा है। ये हमारे प्रयास हैं। हम जो इन्सपेक्शन करते हैं, हम ने उसकी भी डिटेल्स रिपोर्ट दी है जिसमें हमने बताया है कि हम किस तरीके से समय-समय पर इन्सपेक्शन करते हैं। पिछले तीन सालों में हमने जो ऐक्शन लिए हैं, उनकी भी जानकारी उन्हें दी है। यदि उनके पास कोई स्पेसिफिक केस होगा तो हम उसको भी देखेंगे।

**डॉ. मनोज राजोरिया :** अध्यक्ष महोदया, ब्लड बैंक्स दुर्घटना के समय या आवश्यकता के समय मरीज की जान बचाने का एक बहुत बड़ा माध्यम है। यह सेवा का एक बहुत बड़ा माध्यम है, लेकिन यह बहुत दुःख की बात है कि कुछ ब्लड बैंक्स ने इसे सेवा की बजाय व्यवसाय बना रखा है। जो ब्लड बैंक्स सही कार्य नहीं कर रहे हैं उनकी इरेगुलरिटिज को रोकने के लिए मंत्री जी ने कुछ योजनाओं की जानकारी दी है। मैंने उन्हें पढ़ा है। योजना जितनी बड़ी होनी चाहिए उतनी बड़ी नहीं है, उसमें सिर्फ एनुअल इन्सपेक्शन और सरप्राइज विजिट की बात की गई है। आज इस आधुनिक आई.टी के युग में, जब मरीज परेशान होते हैं तो उन्हें ब्लड के लिए दर-दर भटकना पड़ता है, उन्हें मालूम होना चाहिए कि 'ओ' पॉजिटिव ब्लड या 'ए.बी.' पॉजिटिव ब्लड उपलब्ध है या नहीं? आज के इस आधुनिक युग में क्या स्वास्थ्य मंत्रालय के पास कोई ऐसी योजना है जिससे कि सभी ब्लड बैंक्स में कितना ब्लड किस ग्रुप का अवेलबल है, जब कभी मरीज या अस्पताल को ब्लड की आवश्यकता हो तो नेट पर उसे देख सके और उस ब्लड बैंक के द्वारा मरीज को या उनके परिजन को ब्लड तुरंत उपलब्ध हो जाये।

मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि क्या सरकार की कोई ऐसी योजना है कि देश भर के सभी ब्लड बैंकों को आई.टी. के माध्यम से ऑनलाइन जोड़ा जाये ताकि इनका लाभ मरीजों को मिले ?

**श्री जगत प्रकाश नड्डा :** महोदया, सुझाव अच्छा है, विभाग इस पर विचार करेगा और हम डिजिटलाइजेशन की ओर जा रहे हैं इस दृष्टि से आम व्यक्ति को लाभ होने वाला है, इस पर विचार करेंगे।

DR.K. KAMARAJ : Hon. Speaker, through you, I would like to ask the Minister that in India only 2,635 Blood Banks are there. Out of this, most of the Blood Banks are private Blood Banks. We have only 1,024 Blood Banks. We have around 576 tehsils; most of the Blood Banks are owned by private sector. Indian Medical Association run some Blood Banks. Is Government planning to start Blood Banks wherever the Indian Medical Association has a presence? Is there any plan to start Blood Bank in each taluk?

SHRI JAGAT PRAKASH NADDA: No. We are expanding our infrastructure, which is an on-going and continuous process. As far as coordination with IMA is concerned, no specific proposal has come. If we receive any proposal, the Government would think over it.

**डॉ. किरिट पी. सोलंकी :** महोदया, रक्तदान एक बड़ी प्रवृत्ति है, क्योंकि रक्त बन नहीं सकता है, वह किसी को देना ही पड़ता है। मैं रक्तदान की प्रवृत्ति के बारे में प्रश्न पूछने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं गुजरात से आता हूं, अहमदाबाद मेरा संसदीय क्षेत्र है। गुजरात में रक्तदान की प्रणाली ऐसी है कि वहां सबसे ज्यादा लोग रक्तदान करते हैं। अहमदाबाद में 100 बार रक्तदान करने वालों की संख्या अनगिनत है। मैं मंत्री जी से प्रश्न पूछना चाहता हूं कि रक्तदान में लोक भागीदारी और उसे जन-आंदोलन में परिवर्तित करने के लिए क्या सरकार ने कोई योजना बनाई है? जो रक्तदाता है, उनका सम्मान करके इस प्रवृत्ति को और आगे ले जाने के लिए लोक भागीदारी के साथ कोई योजना बनाई है?

**श्री जगत प्रकाश नड्डा :** महोदया, लोगों की भागीदारी के लिए विभाग द्वारा कार्यक्रम चलते हैं, अवेरनेस के प्रोग्राम चलते हैं, जो लोग ब्लड डोनेशन में वोलेंटरली आगे आते हैं, उनको पुरस्कृत भी किया जाता है। इस दृष्टि से अवरनेस के प्रोग्राम शुरू किए जा रहे हैं, लेकिन गुजरात अनुकरणीय है। इसलिए वहां की अवरनेस लेवल बहुत हाई है। वहां पर बहुत बड़ी संख्या ब्लड डोनर की है। वहां ब्लड बैंक के साथ-साथ, ब्लड डायरेक्टरी का भी बहुत उपयोग किया जाता है। निश्चित रूप से हम उसको अनुकरण करने का प्रयास करेंगे।

**(Q. 188)**

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न - 188

श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले - उपस्थित नहीं।
डॉ. हिना विजयकुमार गावीत - उपस्थित नहीं।

माननीय मंत्री जी आप अपना उत्तर दें

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (COL. RAJYAVARDHAN RATHORE):(a) to (c) A statement is laid on the table of the House.

**माननीय अध्यक्ष ;** इस पर कोई अनुपूरक प्रश्न नहीं है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न - 189

श्री एम. मुरली मोहन - उपस्थित नहीं।
श्री सुनील कुमार मण्डल - उपस्थित नहीं।

श्री हुक्मदेव नारायण यादव

**(Q. 189)**

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** महोदया, यह प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है, हिन्दुस्तान में जो प्राइवेट निजी मेडिकल कॉलेज हैं, उनमें जो बच्चे एडमीशन कराने जाते हैं, उनसे मनमर्जी पैसा लिया जता है, 20 लाख, 30 लाख, 40 लाख और 50 लाख रुपये। अगर कोई पी.जी. करने जाता है तो करोड़ में उनसे रुपये लिए जाते हैं। इस तरह का रोजगार पढ़ाई में चल रहा है। पढ़ाई में इतना पैसे खर्च करने के बाद वह डॉक्टर गांव में जाना नहीं चाहता, गांव के अस्पताल में नहीं रहना चाहता है, क्योंकि ये सभी बड़े बाप के बच्चे हैं। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि निजी मेडिकल कॉलेजों में इस तरह की लूट न हो, इस पर कोई नियंत्रण हो। सरकार द्वारा निर्धारित कर दिया जाए कि पैसे के बल पर डिग्री न बिके, साधारण बच्चे भी मेडिकल की डिग्री ले सकें।

**श्री जगत प्रकाश नड्डा :** अध्यक्ष महोदया, यह प्रश्न बहुत महत्वपूर्ण है और विभाग इस बारे में सजग है। हमारे अपने मौनीटरिंग प्रौसैस चलते रहते हैं, लेकिन फिर भी इसमें कुछ और करने की आवश्यकता है। सदस्य महोदय के सेंटीमेंट्स को हम ध्यान में रखेंगे।

---

**<u>12.00 hrs.</u>**

## PAPERS LAID ON THE TABLE

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI MANOHAR PARRIKAR): Madam, I beg to lay on the Table

(1) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Defence Institute of Advanced Technology, Pune, for the year 2013-2014, alongwith Audited Accounts.

(2) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Defence Institute of Advanced Technology, Pune, for the year 2013-2014.

[Placed in Library, See No. LT 967/16/14]

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI JAGAT PRAKASH NADDA): Madam I beg to lay on the Table a copy of the Cigarette and other Tobacco Products (Packaging and Labelling) Amendment Rules, 2014 (Hindi and English versions) published in Notification No. G.S.R.727(E) in Gazette of India dated 15th October, 2014 under sub-section (3) of Section 31 of the Cigarette and other Tobacco Products (Prohibition of Advertisement and Regulation of Trade and Commerce, Production, Supply & Distribution) Act, 2003.

[Placed in Library, See No. LT 968/16/14]

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE (RAO INDERJIT SINGH): Madam, I beg to lay on the Table:-

(1) A copy each of the following papers (Hindi and English versions) under sub-section (1) of Section 619A of the Companies Act, 1956:-

(a) (i) Statement regarding Review by the Government of the working of the Mazagon Dock Limited, Mumbai, for the year 2013-2014.

(ii) Annual Report of the Mazagon Dock Limited, Mumbai, for the year 2013-2014, alongwith Audited Accounts and comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

[Placed in Library, See No. LT 969/16/14]

(b) (i) Review by the Government of the working of the Hindustan Aeronautics Limited, Bangalore, for the year 2013-2014.

(ii) Annual Report of the Hindustan Aeronautics Limited, Bangalore, for the year 2013-2014, alongwith Audited Accounts and comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

[Placed in Library, See No. LT 970/16/14]

(c) (i) Review by the Government of the working of the Hindustan Shipyard Limited, Visakhapatnam, for the year 2013-2014.

(ii) Annual Report of the Hindustan Shipyard Limited, Visakhapatnam, for the year 2013-2014, alongwith Audited Accounts and comments of the Comptroller and Auditor General thereon.

[Placed in Library, See No. LT 971/16/14]

(2) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Himalayan Mountaineering Institute, Darjeeling, for the year 2013-2014, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Himalayan Mountaineering Institute, Darjeeling, for the year 2013-2014.

[Placed in Library, See No. LT 972/16/14]

(3) (i) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the Nehru Institute of Mountaineering, Uttarkashi, for the year 2013-2014, alongwith Audited Accounts.

(ii) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the Nehru Institute of Mountaineering, Uttarkashi, for the year 2013-2014.

[Placed in Library, See No. LT 973/16/14]

It is observed that in one of the districts of Odisha where paddy is the main crop, the lowest premium was as high as 22 per cent. As per the operational guidelines of the NCIP, the premium is to be capped at 11 per cent and the sum assured for the farmers will be proportionately reduced. This scheme will be adding to the woes of the farmers' community. Who would go there with 22 per cent? The entire crop loan will not be covered in spite of paying a higher premium. There is an urgent need to review the scheme and introduce a new scheme on crop insurance, keeping the premium level of NAIS. Other than farming, insurance companies should come forward to cover insurance for fish pond. The Government should provide subsidy up to 50 per cent of the premium as insurance companies are demanding higher premium. Similar insurance cover should be encouraged for orchards.

There are many things to do. Dr. Swaminathan's Report has given so many suggestions. The first is to think of the man, not only the yield; treat the disease, not only the symptom. वैसे तो एक कहावत है जो मैंने पिछली लोक सभा में सुनी थी। I think that was in the 12th or 13th Lok Sabha. One of the senior Members had stood up here and said: हरि अनन्त, हरि कथा अनन्ता। Similarly, when anyone will stand up in this House to speak on agriculture, there is no end to it because every issue is related to agriculture. The total Budget, be it finance, be it animal husbandry, be it health, be

it anything, it all percolates down for the well-being of our farmers. Therefore, whenever we try to discuss anything about agriculture, we need more time and that too when Dr. Swaminathan has come out with such a voluminous Report and has given so many suggestions. I would only say likewise that agriculture is a very vast subject, varied in its problem and solution. It depends on the attitude of the Government. I hope, this Government would do something better.

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं श्री राजू शेट्टी द्वारा राष्ट्रीय कृषक आयोग की अनुशंसाओं को स्वीकार करने की बात के ऊपर जो निजी संकल्प प्रस्तुत किया गया है, उस पर अपनी बात रखने के लिए खड़ा हुआ है।

महोदय, यह रिपोर्ट स्वामीनाथन आयोग के नाम से जानी जाती है। मैं सिद्धांततः एक बात कहना चाहता हूं कि अभी हमने कुछ ही देर पहले इसी सदन में सूखे पर, बाढ़ पर, चक्रवात पर चर्चा की है, जो शुद्ध खेती से जुड़ी हुई है। मुझे लगता है कि यह सोचने के नज़रिए का सवाल है। हम खेती पर आज चर्चा कर रहे हैं तो हम कह रहे हैं कि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को मान लिया जाए। पर, सवाल यह है कि हम उसके लिए अपना मापदंड क्या रखते हैं?

महोदय, मैं यह मानता हूं कि इस समाज में चार प्रकार के लोग हैं। कुछ अर्थवादी हैं, कुछ मतवादी हैं, कुछ राजनीतिवादी हैं और कुछ संस्कृतिवादी भी हैं। जो संस्कृतिवादी हैं, वे भी भिन्न प्रकार से बर्ताव करते हैं। कुछ बहुसंस्कृतिवादी हैं, कुछ द्विसंस्कृतिवादी हैं, जिन्हें हम प्रच्छन्न कहते हैं और कुछ संस्कृतिवादी हैं। मैं अपने आपको संस्कृतिवादी मानता हूं। इसलिए मैं यह मानता हूं और यह सच है कि यह देश कृषि प्रधान देश है, लेकिन एक दूसरी भावना, जिसे हम लोगों ने नज़र अंदाज किया है कि हम ऋषि प्रधान देश भी हैं। अगर हमने प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया होता तो हम सिर्फ उत्पादन की चिंता नहीं करते, बल्कि उत्पादन करने वाले की सम्मान की भी चिंता करते। देश जब आज़ाद हुआ था, तब मेरे दादा जी ज़िंदा थे। हमारे पूरे परिवार के लोग पढ़ने में टॉपर रहे हैं। मेरे दादा जी ने मेरा पिता जी को नौकरी नहीं करने दी। वे कहते थे कि खेती सम्मान की बात है, नौकरी सम्मान की बात नहीं है। यह बहुत लंबी बात नहीं है कि मेरे पिता जी को मेरे दादा जी ने नौकरी करने से इन्कार किया था। लेकिन, आज मैं जब अपने बेटे के बारे में सोचता हूं तो मुझे लगता है कि ज़मीन बेच कर भी नौकरी कराना ज्यादा अच्छा है, अन्यथा अगली वाली पीढ़ी में यह मज़दूर होगा और उसके पास चार एकड़ भी ज़मीन नहीं बचेगी।

स्वामीनाथन जी ने जो वर्गीकरण किया, मैं राजू भैय्या से कहना चाहूँगा कि हमें इस पर भी ध्यान देना चाहिए। डिबेट यहाँ रूकनी नहीं चाहिए। वर्ष 1950 से वर्ष 1972 तक 22 साल के कालखंड में इस देश पर काबिज लोगों ने किसान को बर्बाद करने के लिए खत्म किया। उन्होंने कहा कि हम भूमि सुधार कर रहे हैं, मध्यस्थ हों, किरायेदार हों या सीलिंग हों, यह एक्ट लागू करके इस देश के 22 साल और इस देश के किसानों के वेस्ट किए। उस पर सीलिंग लागू की गई और आज सीलिंग बाहर कर दी गई। जब उसके हिस्से से सब अधिकार निकल गए, व्यापारियों के हाथ में चले गए तो सीलिंग खत्म हो गई। मगर इससे देश का किसान खत्म हो गया, उसकी कमर टूट गई।

दूसरी बात, ये कहते हैं कि जो परत खेती है, उसको हम कृषि जोत में परिवर्तित कर देंगे। 13 साल इसी प्रयोग में चले गए। सारे चारागाह खत्म हो गए। मेरे घर में भी 22 एकड़ कृषि भूमि के अलावा चारागाह थे, वे चारागाह तोड़ दिये गए। आज हमारे पशु के लिए कहीं पर भी चारा उपलब्ध नहीं है। यह अभियान इस देश की सरकारों ने चलाया, मैं इसे गलत रास्ता मानता हूँ। यह दूसरा गलत कदम था।

तीसरी बात, जो 10 साल वर्ष 1985 से 1995 में हुआ, आप उसे बंजर भूमि कहते हैं, मैं बंजर भूमि समिति का वर्ष 1996 में सदस्य रहा हूँ, उसके कारण मैंने भ्रमण किया। मैं एक आँकड़ा सिर्फ एक लाइन में कहना चाहता हूँ। वर्ष 1996 में इस देश में जितनी बंजर भूमि थी, उस समय हम हरियाणा और पंजाब भी गए थे, अगर हम उसको दुरूस्त करना चाहते तो एक एकड़ के ट्रीटमेंट के लिए उन दिनों 60 लाख रूपए चाहिए थे। जो इस देश के अन्दर उपलब्ध बंजर भूमि थी, अगर उसका ट्रीटमेन्ट करते और उसी दिन बंजर भूमि बनना रूक जाती, जो कि असम्भव काम है, तब भी इस काम में 70 साल लगते।

हम बंजर भूमि के ट्रीटमेंट के लिए 60 लाख रूपए खर्च करने की बात करते हैं, अब तो उसका खर्च बढ़ गया होगा, लेकिन जब किसान को मुआवजा देने का मौका आता है तो पाँच लाख रूपए देने के लिए किसान को शीर्षासन कराया जाता है, उस पर गोलियाँ बरसायी जाती हैं। यह तीसरी गलत नीति थी। मैं मानता हूँ कि बंजर भूमि रूकनी चाहिए थी, उसका ट्रीटमेंट होना चाहिए। मुझे लगता है कि जल प्रबन्धन हमारे विकास के कारण हो, नहरों के कारण हों, मैं देश के उस जिले से आता हूँ, जो एशिया महाद्वीप की सबसे उपजाऊ भूमि है, वह मेरी जन्मस्थली नरसिंहपुर है। वहाँ पर काली मिट्टी है। अगर उसकी लाइनिंग नहीं होगी तो वहाँ पर सॉल्ट आ जाएगा। मैं जान सकता हूँ, क्योंकि, मैं नर्मदा के किनारे का रहने वाला आदमी हूँ, कि जमीन की कीमत क्या होती है, जमीन बनती कैसे है? खेती के लायक एक इंच जमीन की कीमत क्या होती है, मैं इस बारे में जानता हूँ।

महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूँ कि जो चौथा चरण वर्ष 1995 के बाद में सरकार ने चलाया, भूमि प्रशासन का, किरायों का बाजार मूल्यों का, लैन्ड रिकॉर्ड का, यह तो इस देश में सबसे पहले होना था। उस समय आप याद कीजिए, जब देश आजाद नहीं था, राजा टोडरमल ने कैसे इस देश की जमीन को नाप दिया। देश की आजादी के बाद आज भी किसान के सामने भूमि जोत के सही आँकड़े उपलब्ध नहीं हैं। वर्ष 1991 में जो बन्दोबस्त इस देश के भीतर हुआ, मैं दावा करता हूँ कि उसमें 70 फीसदी राजस्व के मामलों को सिर पर लाद दिया। मैं खुद उसकी लड़ाई लड़ रहा हूँ। हम दो भाई हैं, तीसरा आदमी बन्दोबस्त में शामिल हो गया, हमको आठ साल बाद पता चलता है कि मेरी जमीन में किसी तीसरे आदमी का नाम भी घुस गया है। आप कम्प्यूटर युग कहिए, कोई भी युग ले आइये, लेकिन गाँव का किसान अपनी बही निकालता है, जब उसे जरूरत पड़ती है। बही को हर दिन वह पलटकर रूपए की तरह

नहीं देखता है। मैं आपसे आग्रह करूँगा कि चाहे सीलिंग एक्ट हो, जो हमने जापान और कोरिया की नकल की थी, उसका परिणाम है कि आज हिन्दुस्तान का किसान इस बात का दुःखद परिणाम भुगत रहा है।

महोदय, मैं आपसे बड़े आग्रह के साथ कहूँगा कि जो भी कमजोर वर्ग है, जिनको भी सरकार ने जमीनें बाँटकर दीं, क्या वे उन पर काबिज हो पाये, क्या उन्हें कब्जा मिल पाया? जिस जोत की आज हिन्दुस्तान में बात होती है, मैं बड़ी विनम्रता से कहूँगा, मैं देश में मजदूरों के बीच में काम करता हूँ। शुद्ध खेती से हमारे घर में पैसा आता है, मेरा कोई दूसरा व्यवसाय नहीं है। मैं तीन पीढ़ियों से जानता हूँ और इसलिए मैं बड़े विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि पाँच एकड़ का काश्तकार अगर असिंचित है तो वह आज मजदूर से भी कम पैसा कमाता है। अगर घर में चार मजदूर हैं तो वे 800 रूपये दिन में लेकर आएंगे, मगर पाँच एकड़ का काश्तकार कभी 22 रूपए से ज्यादा प्रति व्यक्ति कमा नहीं सकता है। मैं यह जिम्मेदारी के साथ कह सकता हूँ। एक होती है आँकड़ों की बाजीगरी और एक होता है दिल का दर्द, जिसे हम भुगत रहे हैं।

दूसरी पीढ़ी में, जहाँ पर हम सम्मान के साथ अपने गाँव में रहा करते थे, मेरी पीढ़ी आज वहाँ मजदूरों से बुरी हालत में है। लाज बचाने के लिए घर के भीतर हम क्या बर्ताव करते हैं और बाहर क्या करते हैं, इससे बड़ा दूसरा छद्म रूप हमारा हो नहीं सकता है। यह सच्चाई है। इसलिए हम जमीन बेचकर अपने बच्चे को डॉक्टर, इंजीनियर बनाकर, रिश्वत देकर उसे नौकरी कराने के लिए तैयार हैं। इससे बड़ा दुर्भाग्य इस देश का नहीं हो सकता है।

**16.00 hrs**

एक बात सामने आई कि मंदिरों और भूदान की जमीन को गरीबों में बांट दिया जाये, ऐसी सिफारिशों को मानने के लिए हमें तैयार नहीं होना चाहिए। मंदिरों की जमीन पर तालाब बने हैं या दूसरे सार्वजनिक हित के काम किए गए हैं। इस आयोग की रिपोर्ट में यह आपत्तिजनक बात है। हम सबको इसका विरोध करना चाहिए। कर्नाटक की जिन योजनाओं के बारे में उसमें बताया गया है, उन्हें दुरुस्त करने की बात की गई है, मैं उनका भी समर्थन करता हूं।

मैं इसी सदन में गोरक्षा का संकल्प लेकर आया था, तब मैंने आंकड़े दिए थे और वे आंकड़े जरूर इस देश के सामने आने चाहिए। आज पशुधन की स्थिति ठीक नहीं है। वर्ष 1953 में 1000 लोगों पर 435 पशु थे, वर्ष 1961 में 1000 लोगों पर 436 पशु थे, वर्ष 1971 में 1000 मनुष्यों पर 326 पशु थे। वर्ष 1981 की जनगणना के आधार पर 1000 लोगों पर 278 पशु थे। वर्ष 1991 की जनगणना के आधार पर अनुमानित 1000 लोगों पर 216 पशु थे, वर्ष 1993 में 1000 लोगों पर 176 पशु थे, वर्ष 2003 में 1000

लोगों पर 124 पशु थे। मैं यह रिपीट इसलिए कर रहा हूं कि मेरा संकल्प इस सदन में पारित है, लेकिन सरकार उसको लेकर नहीं आई है।

**16.01 hrs** **(Shri Ramen Deka *in the Chair*)**

सभापति महोदय, आज चारागाहों की स्थिति क्या है? चारागाह दिनों-दिन घटते जा रहे हैं। आप कहते हैं कि हम अपने पशुओं को बचाएंगे, बिना पशुओं के खेती नहीं हो सकती है और जो आज परिस्थिति बनी है उसमें बैल का कहीं कोई प्रावधान नहीं है। अब बैल का उपयोग नहीं होता है, इसलिए वे सड़कों पर रहते हैं और कसाइयों के दरवाजे पर जाते हैं। हम ट्रैक्टर के भरोसे हैं। हमने खेती को अपने हाथों से नष्ट किया है। एक दिन बालियान जी कह रहे थे कि हम क्यों उस पर विचार नहीं कर सकते हैं, हम क्यों अधिकारियों की बातों में आते हैं? अगर हम ऐसा सीमन लेकर आएं जो यहां पर मादा पशुओं को प्रजनन दे ताकि हम उनके वंश की वृद्धि कर सकें। यह बात कोई अधिकारी नहीं कह सकता है। बालियान जी यहां मौजूद हैं, मैं उनसे आग्रह करूंगा कि उन्हें कोशिश करनी चाहिए, क्योंकि गाय और भैंसों के लिए मादा पशु होंगे तो भविष्य में प्रजनन में सुविधा होगी और वे उन्नत किस्म के होंगे। हमारे देसी जो भी नस्लें हैं उनको भी बचाए रखने का काम हमें करना पड़ेगा। वर्ष 2003 से लेकर 2007 तक के आंकड़े हैं। वर्ष 2003 में 4.2 मिलियन टन के अन्तर से थे लेकिन वर्ष 2007 आते-आते 63 मिलियन टन का फर्क चारागाहों में हो गये। हमें जो चाहिए वह नहीं है। ...(व्यवधान) यह आंकड़ा इसी समिति का है।

सभापति महोदय, जैविक खेती की बात आती है तो मेरे क्षेत्र में सोयाबिन अफलन की स्थिति का शिकार हुयी है। चना और सूरजमुखी में अफलन क्यों हो रहा है? हम जिस प्रकार से दुनिया के लोगों के बीज ले रहे हैं, हमने तो उनके लिए कोई तैयारी नहीं की है कि हमें उनका कोई नुकसान उठाना पड़ेगा, हमने उनके जिन्स के बारे में कोई चिन्ता नहीं की है। उसका परिणाम है कि हम अपने बीज की कीमत से तीन गुणी अधिक कीमत पर उन्नत बीज लेते हैं। जब वह फलता नहीं है तो उसकी जिम्मेदारी कहीं नहीं है। हमारे लिए कोई कोर्ट नहीं है, हमारी बात सुनने के लिए कोई तैयार नहीं है। हम बीज बोते हैं, खाद डालते हैं और हम मेहनत करते हैं, फिर भी हम उसके सामने फटे कपड़े लेकर खड़े होते हैं,उसकी कल्पना कोई नहीं करता है। जैविक खेती की रक्षा कौन करेगा? आज भी कुछ किसान हैं जो अपने बच्चों का पेट काटकर देसी बीजों को अपने यहां सुरक्षित किये हुये हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि आप उनकी मदद करें जो वास्तव में पुरानी बीजों को संरक्षित कर बचा रहे हैं। आप उनको बाजार मूल्य से 10 गुणा अधिक पैसा दीजिए ताकि वे उन उन्नत बीजों की संख्या बढ़ा सकें। आप ऐसा काम करिए। मैं यह नहीं मानता हूं कि सारे अधिकारी अच्छा नहीं सोचते हैं, वे अच्छा सोचते होंगे लेकिन जमीन पर काम करने वाली की नीयत साफ होनी चाहिए, जो पैसा कमाने के लिए काम नहीं कर रहे हैं।...(व्यवधान)

मैं पशु क्रान्ति के बारे में कहना चाहता हूं कि किसान के बच्चों को पॉलट्री रोजगार दे रही थी, वह बहुत बड़े रोग की शिकार हुयी है। ऐसी चाहे बकरियां हों चाहे दीगर जानवर हों, मैं समझता हूं पशुधन है। जो भी हमारे जैविक क्रान्ति के संकट हैं, उन पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए। मैं बड़े दुख के साथ अपनी बात समाप्त करता हूं।

इस सदन में किसानों के बारे में ऐसी ही चर्चाएं होती हैं और इतने ही लोग चर्चा करते हैं। मुझे लगता है कि यही चित्र है, जिसने खेती को इस चौराहे पर लाकर खड़ा किया है। मुझे लगता है कि इस बारे में गंभीरता से विचार करना चाहिए। सदन में इतनी बड़ी संख्या होगी लेकिन अगर खेती पर बात करनी है तो कभी ऐसे अवसरों पर दूसरी जगह पर बहस होनी चाहिए जहां जिम्मेदारी के साथ बात की जा सके। मैं नहीं मानता कि इतने कम समय में कभी ऐसे गंभीर विषयों पर बात हो सकती है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) :** सभापति जी, मैं अपनी ओर से और अपनी पार्टी शिरोमणि अकाली दल की ओर से डा. स्वामीनाथन कमीशन ने जो रिकमैंडेशंस दी हैं, उन पर सहमति जताता हूं।

आप जानते हैं कि जब देश आजाद हुआ, उस समय इस देश में 'उत्तम खेती, मध्यम व्यापार, निखत चाकरी' की बात चलती थी। आज कृषि क्षेत्र लाभकारी नहीं रहा। कृषि से जीडीपी में हिस्सा 56 प्रतिशत से घटकर आज 11 प्रतिशत रह गया जबकि इस पर 60 प्रतिशत से ज्यादा लोगों की निर्भरता है। इस बारे में हमें सोचना होगा कि ऐसा क्यों हो रहा है। अगर हम पिछले 3-4 महीने की ग्रोथ रेट देखें तो देश की 5 से 7 प्रतिशत है जबकि कृषि का केवल 3.7 प्रतिशत है। ऐसे क्यों हो रहा है? इस देश में जब अनाज की एमएसपी तय होती है, अगर हम पिछले सात वर्षों का देखें तो धान की फसल का खरीद मूल्य 560 से 1200 के करीब हुई, गेहूं के मूल्य 640 से 1285 रुपये हुए किन्तु इस समय में धान की लागत 150 प्रतिशत बढ़ी, गेहूं की 90 प्रतिशत बढ़ी, फर्टिलाइजर की 90 प्रतिशत बढ़ी, ऑटोमोबाइल की 120 प्रतिशत बढ़ी। इसलिए किसान कर्जे में डूबा हुआ है। जो पिछले आंकड़े आए हैं, उनके अनुसार इस देश में 72 हजार से भी ज्यादा लोगों ने खुदकुशी की है। किसान कर्जे में है। पंजाब देश के केन्द्रीय भंडार में 60 प्रतिशत से ज्यादा अनाज देता है। देश की भुखमरी दूर करने में, ग्रीन रैवोल्युशन लाने में पंजाब के किसान का अहम हिस्सा रहा है। आज वहां का किसान भी खुदकुशी करने लगा है। वहां 89 प्रतिशत से अधिक किसान आज कर्जे में हैं। हरियाणा के 80 प्रतिशत से ज्यादा किसान कर्जे में है। इसलिए किसानी को लाभकारी धंधा बनाने के लिए सरकार को डा. स्वामीनाथन द्वारा दी गई रिकमैंडेशन पर अमल करना चाहिए।

दुख की बात है कि पहले भी बहुत से फार्मर्स कमीशन बने, बहुत सी रिकमैंडेशन्स यहां आईं, लेकिन उन पर अमल नहीं हुआ बल्कि उसका उल्टा हुआ। जैसे स्वामीनाथन जी ने कहा कि कृषि क्षेत्र की लागतों का 50 प्रतिशत अधिक उसमें जोड़कर मूल्य तय करने होंगे। सिंचाई कृषि के लिए बहुत अहम है, यहां बिजली, सड़कों को इन्फ्रास्ट्रक्चर में लिया गया है लेकिन जिस कृषि के लिए सिंचाई की बहुत जरूरत है, उसे इन्फ्रास्ट्रक्चर में नहीं लिया गया। सिंचाई को इन्फ्रास्ट्रक्चर में लेना चाहिए। आज सिंचाई बहुत महंगी हो गई है। पानी की सतह नीचे जा रही है। धरती से पानी निकालना बहुत महंगा पड़ रहा है। खर्चे बढ़ रहे हैं। वर्षा का पानी बर्बाद हो जाता है। अगर वर्षा के 70 प्रतिशत पानी को संभाला जाए तो सिंचाई सस्ती हो सकती है, खेती आगे बढ़ सकती है। जैसे माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा प्रधान मंत्री ग्राम सिंचाई योजना लाई गई है, मैं समझता हूं कि इस पर अमली रूप में स्ट्रैस दिया जाना चाहिए। इसमें बारिश के पानी को संभालने के लिए स्कीम जल्दी बनाकर सारे देश में चलाई जानी चाहिए, ताकि किसानों को सस्ती सिंचाई की सुविधा मिल सके, जिससे खेती हो पाए। नेचुरल केलेमिटी से बचाव के लिए सब जगह इंश्योरेंस की

स्कीम है। किसान के लिए कोई इंश्योरेंस की स्कीम नहीं है, अगर है तो उसमें कंडीशंस ऐसी लगाई जाती हैं, उसके मापदंड ऐसे रखे जाते हैं, जैसे सूखा पड़ा, सारे देश में सूखा पड़ा, तीन किस्म का सूखा था, जहां कोई फसल नहीं रोपी गई, उनको भी थोड़ा बहुत मुआवजा दे दिया गया, एक जिन्होंने फसल रोप दी, लेकिन सूखे की वजह से वे उसे संभाल नहीं पाए, उनको भी मुआवजा दे दिया गया। मगर जहां बारिश नहीं हुई, सूखा पड़ा, उन्होंने फसल भी रोप दी और संभाली भी। पंजाब एक ऐसा प्रदेश है, जहां सबसे कम बारिश हुई, सबसे ज्यादा फसल हुई, क्योंकि, वहां जेनरेटर और डीजल इंजन के द्वारा खर्चा किया गया, उनको मुआवजा नहीं दिया गया, क्योंकि, यह उनके पैरामीटर में नहीं आता, इसलिए कमाने वाले का ध्यान रखना चाहिए। पिछली सरकार ने किसानों का 72 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया था, उसमें कंडीशन लगाई गई कि जो डिफॉल्टर्स होंगे, उनका कर्जा माफ किया जाएगा।

पंजाब के लोग कभी डिफॉल्टर नहीं होते, वे कर्ज उतारने के लिए और कर्ज ले लेते हैं। सबसे ज्यादा पर एकड़, पर फैमिली, पर मैन पंजाब में किसान के ऊपर कर्ज है। मगर उनको कुछ नहीं दिया गया है, इसलिए प्रदेशों की स्थिति को देखकर केन्द्र की सरकार जो नीति तय करती है, उसको ध्यान में रखना चाहिए। कृषि के जो सहायक धंधे हैं, पशुपालन, फिश फार्मिंग इसको इंडस्ट्री घोषित किया जाना चाहिए। औद्योगिक रूप में इनको जो सहूलियत मिल सकती है, वह देनी चाहिए। सहायक धंधो को ध्यान में नहीं रखा जा रहा है। अब पर एकड़ भूमि कम हो रही है, स्मॉल फामर्स और मार्जिनल फॉर्मर्स की गिनती इस देश में 82% होगी और 10 करोड़ 76 लाख के करीब लोग ऐसे हैं, जिनके पास 2 हेक्टेयर से भी कम भूमि है। इसीलिए लोग किसानी से दूर जा रहे हैं, लोग लैंडलेस होते जा रहे हैं, यह एक सोशल प्रोबल्म भी बनती जा रही है। बेरोजगारी की प्रोबल्म भी बनती जा रही है। सरकार की ओर से इन बातों पर ध्यान रखना चाहिए, जिस धंधे में 60% लोग निर्भर हों, अगर उसको विशेष रूप से मदद नहीं दी जाएगी तो देश कैसे आगे बढ़ेगा, देश की इकोनॉमी कैसे आगे बढ़ेगी। मेरे मित्र पटेल जी ने सही कहा था कि एक समय था, जब किसी लड़की का पिता 10 एकड़ वाले किसान के पुत्र के साथ अपनी लड़की का रिश्ता कर देता था। आज एक छोटी सी दुकान करने वाले को वे प्रिफर करते हैं, इस देश की किसानी की यह दशा है।

डॉ. स्वामीनाथन जी ने जो सिफारिशें की हैं, इस पर अमल भी होना चाहिए और जल्दी होना चाहिए। जो मूल्य तय करने की नीति है, इसमें प्रदेशों की सरकारें, खास तौर पर जो प्रदेश अनाज पैदा करता है, उनको शामिल करना चाहिए, किसानों के रिप्रजेन्टेटिव इसमें होने चाहिए। जो ब्यूरोक्रेटस हैं, वे क्या गिनते हैं, एग्रीकल्चर में जो लेबर काम करती है, उनको अनस्किल्ड लेबर गिनते हैं, जबकि जो किसान खेती करता है उससे बड़ा स्किल्ड लेबर कोई नहीं हो सकता। आप किसी यूनिवर्सिटी से पढ़े हुए पी.एच.डी. किए हुए जो डॉक्टरेट की डिग्री लिए हुए हैं, इनको खेत में ले जाइए, उससे ज्यादा जो प्रेक्टिकल तौर पर

किसानी का काम करता है, वह जो सुझाव देगा, वह खेती उत्पादन के लिए अच्छा होगा। कृषि क्षेत्र में जो काम करने वाले लेबर हैं, उनको स्किल्ड लेबर के तौर पर माना जाए। उसे स्किल्ड लेबर के तौर पर मूल्य मिले, ताकि उचित मूल्य किसान को मिल पाए, जिससे खेती लाभकारी बन पाए। डॉ. स्वामीनाथन जी ने जो सिफारिशें की हैं, इसमें मैं समझता हूं कि जो पैरामीटर्स हैं, केन्द्र की ओर से एग्रीकल्वर सैक्टर को बढ़ाने के लिए, प्रदेशों की स्थिति देखकर, वहां की परिस्थितियों के अनुसार केलेमिटी का कम्पन्शेसन देना चाहिए, जहां कर्ज काफी के लिए बात है, ताकि देश आगे बढ़ पाये, देश की किसानी आगे बढ़ पाये। ऐसा कहा जाता है कि यह अर्थव्यवस्था की धुरी है। अगर धुरी ही टूट गयी, तो अर्थव्यवस्था कैसे आगे बढ़ पायेगी? इस धुरी को कायम करने के लिए, मैं समझता हूं कि स्वामीनाथन जी ने जो रिकमेंडेशन्स दी हैं, वे बहुत अच्छी हैं और उन पर अमल करने की जरूरत है। धन्यवाद।

**डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) :** माननीय सभापति महोदय, मेरे साथी माननीय प्रहलाद सिंह पटेल जी ने यहां जो बातें कहीं, उनसे मैं बहुत सहमत हूं। इस देश का दुर्भाग्य है कि अंग्रेज इस देश में आये। पहले ईस्ट इंडिया कम्पनी आई, फिर अंग्रेज आये। वे तो अंग्रेज थे, विदेशी शासक थे, लेकिन सबसे बड़े दुर्भाग्य की बात है कि जब हमारा देश आजाद हुआ तो इस देश में जो शासक आये, दुर्भाग्य से उनमें ज्यादातर लोग, चाहे वे शासक थे, राजनेता थे या उस समय हमारी जो ब्यूरोक्रेसी थी, वे सब वेस्टर्न कंट्रीज में एजुकेटेड लोग थे। उनका न तो किसानों के घरों से संबंध था और न ही उन्हें कृषि नीति के बारे में कुछ मालूम था, इसलिए इस देश में कृषि नीति का विनाश, मैं उसे विनाश कहूंगा, देश की आजादी के बाद से ही शुरू हुआ।

देश की आजादी के बाद जो कृषि विश्वविद्यालय बनाये गये, जो कृषि नीति शुरू की गयी, कृषि रिसर्च का माहौल बनाया गया, वह सब अमेरिकन सहयोग से किया गया। हमारी जो एग्रीकल्चर यूनीवर्सिटीज आयीं, वे सब अमेरिकन सहयोग से बनायी गयीं। उसके पीछे क्या उद्देश्य था, अगर किसी को यह उद्देश्य पढ़ना है, मैं निवेदन करूंगा कि प्रो. सुसेन जार्ज, एक अमेरिकन महिला, एक प्रोफेसर ने यह किताब लिखी है और उस किताब का नाम है "How the other half dies". इस देश की कृषि को किस तरह से बर्बाद किया जाये, इसके लिए यहां के एग्रीकल्चर कोर्स बनाये गये, कैरिकुलम बनाये गये। जो हमारे एग्रीकल्चर साइंटिस्ट्स थे, टीचर्स थे, उनके द्वारा अमेरिकन यात्रा की गयी, वह आज भी उसी प्रकार से चालू है। यह इस देश के लिए दुर्भाग्य की बात है कि 350 मोलेक्यूल्स, जिसे हम पेस्टीसाइड्स कहते हैं, भारत ने एक भी मोलेक्यूल को आज तक डेवलप नहीं किया। सारे अमेरिकन मोलेक्यूल्स हमारे देश में आते हैं और हमारी यूनीवर्सिटीज के पढ़े हुए एग्रीकल्चर वैज्ञानिक कहते हैं कि अमेरिकन मोलेक्यूल्स हमारे देश की धरती के लिए उपयुक्त हैं। उन्होंने आज तक एक भी मोलेक्यूल फेल नहीं किया, क्योंकि, उसके लिए उन्हें पैसा मिलता है। मैंने इस बारे में नियम 193 के अन्तर्गत बहस करने के लिए नोटिस दिया है। जब प्रहलाद सिंह पटेल जी बोल रहे थे, यह दुर्भाग्य की बात है कि इतने बड़े सदन में जब खेती पर डिस्कशन होता है तो इतने कम लोग सदन में रहते हैं। कुछ लोग इसलिए बैठे हैं, क्योंकि, सरकारी आंकड़े कहते हैं कि 65 प्रतिशत लोग केवल खेती पर निर्भर करते हैं। मैंने एक दिन कहा था कि बिना खेती और बिना किसान के एक भी आदमी जिंदा नहीं रह सकता। सौ प्रतिशत लोग कृषि पर निर्भर करते हैं, लेकिन जब कृषि की बात आती है तो उस पर न तो कोई बात करने के लिए तैयार है और न ही कोई उस पर बहस करने के लिए तैयार है, इसलिए देश की कृषि नीति आज भी एडहॉकिज्म पर चल रही है।

हम डॉ. स्वामीनाथन की बात करते हैं। मैं डॉ. स्वामीनाथन की सभी संशोधित रिकमेंडेशन्स से सहमत नहीं हूं। उसकी एक बड़ी बात यह है कि जिस प्रकार से डॉ. स्वामीनाथन का आयोग बना, उसमें कितने लोग ऐसे थे, जिनका किसान से डायरेक्ट संबंध था? यह दुर्भाग्य की बात है कि हमारे कृषि मंत्रालय में ब्यूरोक्रेट्स, जो कृषि नीति की बातें करते हैं, जो मैकेनाइजेशन की बातें करते हैं, जो टेक्नोलॉजी की बातें करते हैं, उन्होंने हजारों-लाखों वर्षों से, हमारे किसानों ने जो सीखा था, वे बहुत बड़े साइंटिस्ट थे, वे कितनी अच्छी खेती करते थे। हमने उसे खत्म कर दिया, पशुधन खत्म कर दिया। हम छोटी-छोटी बातों पर बोलते हैं कि हमें मैकेनाइजेशन करना चाहिए, हमें फर्टिलाइजर लाना चाहिए। मैं उदाहरण के तौर पर बता रहा हूं कि हमारे बागपत में सभी नदियां जहरीली बना दी गयीं। हमारी सारी जमीन को पेस्टीसाइड्स डालकर जहरीली कर दिया गया। हमने उस पर कोई रिसर्च नहीं की। इस देश में गोबर से अच्छा कोई खाद बन सकता है, गाय-बैल से अच्छी कोई खेती कर सकता है, लेकिन उस पर रिसर्च नहीं हुई। आज हम जिसे मिनिमम वेज़ेज ऐक्ट कहते हैं, क्या डा. स्वामीनाथन ने किसानों के लिए वह मिनिमम वेज़ेज ऐक्ट लगाया है? एक किसान के परिवार के सभी लोग काम करते हैं, उसके बच्चे काम करते हैं, किसानों के यहाँ सर्दी के मौसम में बिजली रात के दो बजे आती है तो कोई इस बात को सोचता है, वह उसी समय खेत में जाता है। यदि हम एक टैक्सी वाले को लेकर दिन में यहाँ से आगरा जाना चाहें तो हो सकता है वह दो हजार रुपए ले, लेकिन जब उसे हम रात के बारह बजे जाने को कहेंगे तो वह पाँच हजार रुपए मांगेगा। जब किसान रात को खेत पर जाकर दो बजे रात को मेहनत करेगा तो डा. स्वामीनाथन ने जो मिनिमम वेज़ेज ऐक्ट है, उसे उसके लिए नहीं लगाया। हमारी क्या नीति है? हमारी जितनी मंडियां बनीं, जहाँ पर एग्रीकल्चरल प्रोड्यूस जाते हैं, वहाँ पर भी मीडिल मैन बन गये। हमने जिसे किसानों के लिए बनाया था कि इससे किसानों का हित होगा, वहां वे डायरेक्ट जाकर बेचेंगे, वहाँ भी दलाल तैयार हो गये। यदि किसान लुटता है तो केवल किसान लुटता है, क्योंकि हमने किसानों की एहमियत ही नहीं दी। जिस देश में किसान राजाओं का राजा होता है, जिस देश के अंदर किसान खुशहाल नहीं होता, वह देश कभी भी खुशहाल नहीं हो सकता। हम लोगों ने केवल इतना ही सोचा। आज हमारी कृषि देश की जी.डी.पी. को केवल 14 या 15 प्रतिशत योगदान देती है। इसलिए इसे केवल 14-15 प्रतिशत महत्व दिया जाए। हम लोगों ने दूसरे सेक्टर्स को इतना ज्यादा महत्व दिया, जिसे हम कहते हैं- टैम्पल्स ऑफ डेवलपमेंट, लेकिन खेती के बारे में कभी ध्यान नहीं दिया गया। मैं तो आज केवल इतना ही निवेदन करूँगा, क्योंकि, मैं इस विषय पर

बहुत ही विस्तार से बोलने वाला हूँ। इस देश में कैसी कृषि नीति हो, इस देश में किस प्रकार से किसानों का भला हो इसके लिए मैं तो सरकार से यही निवेदन करूँगा कि डा. स्वामीनाथन ने जो रिक्मेंडेशंस दिये हैं, वे भी सही मायने में सब प्रकार से ठीक नहीं हैं। उससे किसानों का हित होने वाला नहीं है। उसको रिव्यू किया जाए और जल्दी से जल्दी शॉर्ट टर्म और लांग टर्म पॉलिसीज बनाई जाएं, ताकि किसानों का हित हो सके।

**श्री भगवंत मान (संगरूर):** सभापति जी, मैं पंजाब से हूँ। पंजाब हरे-भरे खेतों के लिए जाना जाता था। मैं 'था ' इसलिए कह रहा हूँ, क्योंकि, आज जो किसानों की हालत है, वह बद-से-बदतर हो गयी है। पूरे देश में माननीय प्रधानमंत्री जी जब इलेक्शन कैम्पेन कर रहे थे तो उन्होंने देश में दौरे के समय लगभग हर भाषण में कहा कि हम एम.एस.पी. में 50 पर्सेंट की वृद्धि करेंगे। लेकिन अभी जो एम.एस.पी. बढ़ायी गयी है, वह दो या चार पर्सेंट बढ़ी है, जबकि महंगाई की दर आठ पर्सेंट बढ़ती है। किसान का तो कोई चांस ही नहीं है कि वह अपने जीवन-स्तर को थोड़ा ऊँचा उठा सके। छः लाख करोड़ के आसपास कॉरपोरेट सेक्टर को डायरेक्ट और इन-डायरेक्ट सब्सिडी दे दी गयी। यदि इसका दस पर्सेंट भी किसानों के लिए रख लिया जाता तो किसानों का कुछ भला हो जाता।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान खुदकुशियों की ओर दिलाना चाहता हूँ। खुदकुशियाँ क्यों हो रही हैं, क्योंकि, फसलों के भाव नहीं मिल रहे हैं, पानी का स्तर पंजाब में इतना नीचे चला गया कि ट्यूबवैल्स लगाना किसानों की पहुंच से बाहर हो गया। जो नदी, नालों का पानी है, वह प्रदूषित पानी उसमें डाला जाता है, उसमें काले रंग का पानी आता है जो कैंसर बांटता है। वह राज्य जिसका नाम पानियों पर था- पाँच आब, पाँच दरिया, उसका पानी आज पीने लायक नहीं है और सिंचाई के लायक भी नहीं है। पहले अंग्रेज कालेपानी की सज़ा देते थे, लेकिन पंजाब के किसानों को हमारी सरकारें ही कालेपानी की सज़ा दे रही हैं। फसल बीमे के रूप में जो मुआवज़ा मिलता है, उसका तरीका यह है कि 144 यूनिट बनाये हुए हैं। 12 हजार से ज्यादा गांव हैं, लगभग 90 गांव एक यूनिट में आते हैं। यदि आपको मुआवजा लेना है, कोई बेमौसमी बरसात हो गयी या ओले पड़ गये तो कम से कम 35 से 40 पर्सेंट नुकसान होना चाहिए, यानी कम से कम 35 से 40 गांवों का नुकसान होना चाहिए तब मुआवज़ा मिल सकता है। मैं कहता हूं कि 90 गांवों को यूनिट नहीं मानना चाहिए, बल्कि हर गांव को यूनिट मानना चाहिए।

कई बार ऐसा होता है कि गांव की एक साइड में बेमौसम बरसात हो जाती है, ओले पड़ जाते हैं और दूसरी साइड बच जाती है तो उसको आप मुआवजे में यूनिट नहीं मानेंगे, उसे कुछ नहीं मिलेगा। जो मुआवजा मिलता है, वह एक किस्म का मजाक होता है। सरकारों की तरफ से कभी किसानों को 26 रुपये, 13 रुपये या 15 रुपये के चेक दिए जाते हैं। जब एम.एस.पी. या फसलों के भाव तय करते हैं तो राज्यों से मांगा जाता है कि कितने रुपये में एक एकड़ जमीन पट्टे पर ली जाती है। पंजाब सरकार ने यह जानकारी दी है कि पंजाब में एक एकड़ जमीन 13 हजार रुपये में पट्टे पर मिल जाती है, यह बात गलत है। मैं खुद खेती करता हूं, आजकल 50 हजार रूपये से कम में एक एकड़ जमीन मिल ही नहीं सकती है। उसके आधार पर एम.एस.पी. 13 हजार रुपये बना दी जाती है। हालत यह है कि नए ट्रैक्टर बिकने आते हैं, पंजाब

में ट्रैक्टरों की मंडी लगती है। उसमें बिल्कुल नए, ब्रांड न्यू ट्रैक्टर्स बिकने आते हैं। असल में वहां ट्रैक्टर नहीं बिकने जाते हैं, किसान खुद बिकने आते हैं। उनको कहीं से भी कर्ज नहीं मिलता है, बच्ची की शादी करनी है या बच्चों की पढ़ाई पर खर्च हो रहा है तो वे कहते हैं कि जमीन के नम्बर दे दो और नया ट्रैक्टर ले लो। महंगे से महंगा ट्रैक्टर ले लो और पांच-छः दिन बाद मंडी में वह ट्रैक्टर दो-ढाई लाख रुपये के घाटे पर कैश में बेच दो, इस तरह से हमारे पास पांच-छः लाख रुपये की नगदी आ जाएगी और उससे बेटी की शादी कर लेंगे। मेरे अपने गांव में आज से 15 से 20 साल पहले जो बड़े-बड़े ट्रैक्टरों वाले जमींदार होते थे, दुख से कहना पड़ रहा है कि आज उनमें से दो-तीन लोग साइकिल पर सब्जी बेचने को मजबूर हैं। जो बड़े जमींदार कहलाते थे, वे आस-पास के शहरों में सुबह लेबर चौक पर खड़े होते हैं कि हमें मजदूरी पर ले जाओ, उनकी यह हालत हो गयी है। मैं अपने गांव की बात बताता हूं, एक किसान को अपनी बेटी की शादी करनी थी। उसे कहीं से कर्ज नहीं मिल रहा था। एक दिन वह कर्ज लेने के लिए शहर गया और 50 हजार रुपये लेकर आ गया। उससे उसने बेटी की शादी कर दी। दो महीने बाद वह बीमार हो गया, जब उसके घर वाले उसे हॉस्पिटल लेकर गए तो डाक्टरों ने पूछा कि तुम्हारी एक किडनी कहां है? जब घर वालों ने उससे पूछा तो उसने बताया कि बेटी की शादी के लिए मैं जो पैसे लेकर आया था, वह कर्ज नहीं था, मैंने अपनी किडनी बेची थी। किडनी बेचकर किसान शादियां कर रहे हैं। पंजाब का वह किसान, जो पूरे देश का पेट पालता था, आज खुद भूखे पेट सोने के लिए मजबूर है। सरकारों की तरफ से खेती को बचाने के लिए कुछ भी एफर्ट्स नहीं किए गए।

मैं आपके माध्यम से यह बात सदन में रखना चाहता हूं कि पंजाब के किसानों को बचाने के लिए योजनाएं बनाई जाएं, क्योंकि, जो रस्से बैल के गले में डालने के लिए थे, जो घुंघरु-घण्टी बांधने के लिए रस्से थे, वे किसान के गले का फन्दा बन चुके हैं। आज हालत यह है कि किसानों के बेटे विदेश जा रहे हैं। उसके लिए वे अपनी मां की बालियां बेच देते हैं या फिर जमीन बेच देते हैं और ट्रैवल एजेंट्स के पास चले जाते हैं। इराक में पंजाब के पांच हजार से ज्यादा लोग काम कर रहे हैं। इसका मतलब हालत यह है कि पंजाब की हालत इराक से भी बदतर है। हमारे मां-बाप कह रहे हैं कि इराक में जाकर काम कर लो। मैं आपके माध्यम से आग्रह करूंगा कि कृषि मंत्री ऐसी योजनाएं बनाएं कि पंजाब दुबारा रंगला पंजाब बन सके। आज पंजाब में गिद्धा-भांगड़ा नहीं होता, आज पंजाब में कैंसर, ड्रग्स, हेपेटाइटिस-सी जैसी बीमारियां होती हैं, छोटी उम्र के बच्चों के बाल सफेद हो जाते हैं। पानी पीने के लायक नहीं है। किसान को बचाने के लिए मैं आग्रह करूंगा कि इम्मिडिएटली ऐसे कदम उठाए जाएं, जिससे उनको फसलों के दाम मिल सकें, किसानों के बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा मिल सके, ताकि आगे चलकर खेती पर उनकी निर्भरता कम

हो, वे किसी अन्य तरीके से कमाने लायक बन सकें। एक क्रांतिकारी शायर संतराम उदासी ने पंजाबी में एक शेर लिखा है:

"बोहला विच्चों नीर वगिआ, लिया तंगली नसीबां नूं फरोड़िए तूड़ी विच्चों पुत जगिया।"

इसका मतलब है कि उसके पास कुछ भी नहीं बचता है। इसलिए मैं आपके माध्यम से आग्रह करता हूं कि पंजाब के किसान को बचाने के लिए जितने भी एफर्ट्स हो सकते हैं, पार्टी लेवल से ऊपर उठकर, राजनीत से ऊपर उठकर करने चाहिए।

आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं।

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी) :** सभापति महोदय, यह प्रस्ताव मूलतः स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने से संबंधित है। जो इस प्रस्ताव के प्रस्तुत करने वाले थे, उन्होंने इस पर काफी गंभीरतापूर्वक, विस्तार से और आंकडों के साथ चर्चा की थी। जब महताब जी बोल रहे थे तो उन्होंने काफी विस्तार से इसके बारे में बातें बताई हैं। माननीय प्रहलाद पटेल जी ने गांव, गरीब, किसान और मजदूर के दिल की वेदना की कहानी बताई। मैं एक बुनियादी प्रश्न की ओर जाना चाहता हूं। हिंदुस्तान में जितने किसान आयोग बनते हैं, क्या किसान उस आयोग का वास्तविक प्रतिनिधि होता है? कृषि वैज्ञानिक होना एक बात है और किसान वैज्ञानिक होना दूसरी बात है। भारत में कृषि की उन्नति तभी होगी, जब कृषि वैज्ञानिक से निकलकर खेती के फ्रंटलाइन डैमोस्ट्रेशन्स या जितने काम लैब टू लैंड चलते हैं, उन सभी अनुसंधान संस्थानों का काम, कृषि वैज्ञानिक के हाथों से निकाल कर, किसान वैज्ञानिक के हाथों में चला जाए। आप किसानों को ट्रेनिंग देते हैं तो उनकी भाषा, वेश-भूषा, संस्कार, संस्कृति, मानसिकता, बौद्धिकता को समझे बगैर ट्रेनिंग देते हैं। हम उन्हें मैकेनाइज्ड, साइंटिफिक ट्रेनिंग देते हैं, लेकिन उनकी पहुंच वहां तक नहीं होती है।

भारत के किसानों ने अन्न का उत्पादन बढ़ाया है। वर्ष 1990-91 में अनाज का उत्पादन 176.49 मिलियन टन था, जो वर्ष 2011-12 में बढ़कर 260 मिलियन टन हुआ। वैज्ञानिक चाहे अपनी पीठ को जितना भी थपथपा लें, लेकिन यह योगदान भारत के सीमांत किसानों का है। हमारे किसानों ने कम से कम वैज्ञानिक उपकरणों का उपयोग किया, अपनी अक्ल से खाद का इस्तेमाल किया और वह अपने परिवार के साथ खेत में सड़ा है, गला है, तपा है, मरा है और उसने अपने परिश्रम से भारत के अनाज भंडार को भरकर आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। लेकिन कभी भी पद्मश्री या पद्मभूषण की उपाधि किसी किसान को नहीं दी गयी। वह इसलिए क्योंकि वह निर्धन है, निर्बल है। उसने परम्परागत तरीकों से भारत की कृषि में जो उन्नति की है, उसका विकास किया है, दुनिया का कोई भी वैज्ञानिक उसकी बराबरी नहीं कर सकता है। एक तरफ परम्परागत तकनीक है तो दूसरी तरफ मॉडर्न और साइंटिफिक तकनीक है, दोनों में कहीं मेल नहीं है। भारत के किसान के लिए अपग्रेडेशन, मॉडिफिकेशन एंड मॉडरनाइज़ेशन ऑफ ट्रेडिशनल टैक्नॉलॉजी जरूरी है। परम्परागत तकनीक को अपग्रेड कीजिए, मॉडर्नाइज कीजिए और तब जाकर उसे नया बनाइये। हमारे धर्म-शास्त्रों ने कहा है कि विशिष्टीकरण का सामान्यकरण और सामान्य का विशिष्टीकरण, जिसपर विवेकानंद जी ज्यादा जोर देते थे। जो सामान्य जन के पास विज्ञान है, उस विज्ञान को विशिष्टता प्रदान करना और जो विज्ञान की विशिष्टता है, उसे सामान्य करके जन-साधारण तक

पहुंचाना, यही असली विज्ञान है और यह विज्ञान अगर कृषि क्षेत्र में नहीं हो पा रहा है तो उस अनुसंधान का कोई महत्व नहीं है।

वर्ष 1951 में भारत में 71.09 प्रतिशत किसान थे, लेकिन वर्ष 2011 की कृषि जनगणना के मुताबिक भारत में किसान की संख्या 45.01 रह गयी है। हमारे 26.08 प्रतिशत किसान अब गायब हो चुके हैं। कहां चले गए, खोजना चाहिए। जब खोजने लगते हैं तो खेतिहर मजदूर वर्ष 1951 में 28.01 प्रतिशत था, जो बढ़ कर के वर्ष 2011 में 54.09 प्रतिशत है, वह 26.08 प्रतिशत बढ़ा है। 26.08 प्रतिशत किसान घटा और 26.08 प्रतिशत खेतिहर मजदूर बढ़ा। इसका मतलब जितना किसान घटा है, उतना किसान खेतिहर मजदूर हुआ है। जिसका दादा सौ एकड़ जमीन जोतने वाला था, पचास एकड़ जमीन जोतने वाला था, उसका पोता सीमांत किसान बन गया और जो बड़े-बड़े उद्योगों में थे, जो सामान्य थे, आज वे अरबपति, खरबपति और विश्वपति बन रहे हैं। कितना अंतर है कि उद्योग व्यापार चलता है, घोड़े की चाल से और खेती चलती है कछुए की चाल से? क्या दोनों में कभी मुकाबला हो सकता है? क्या दोनों की गति में कभी बराबरी हो सकती है? नहीं हो सकती है। पैसा कितना दिया जाता है? 11वीं पंचवर्षीय योजना में भारत की सरकार ने कृषि अनुसंधान और शिक्षा के लिए योजना का 0.56 प्रतिशत दिया है। 12वीं योजना में 0.70 प्रतिशत दिया है। एक प्रतिशत राशि भी योजना में से नहीं दी गयी है। जब अनुसंधान के लिए पैसा ही नहीं जाएगा तो वैज्ञानिक प्रयोगशाला में या अनुसंधान केन्द्र में बैठ कर क्या करेंगे? तम्बाकू खाएंगे, ताश खेलेंगे, वैज्ञानिक औरतें स्वेटर बुनेंगी, क्या करेंगे वे, जब आप उनको अनुसंधान के लिए पैसा नहीं देंगे? इसलिए वैज्ञानिकों को पूरे साधन मिलने चाहिए। कृषि कॉलेजों को पूरे साधन मिलने चाहिए। कृषि और सहकारिता विभाग को 11वीं योजना में 1.92 प्रतिशत दिया गया। 12वीं योजना में 1.98 प्रतिशत दिया गया। उसी तरह से पशुपालन और मत्स्य पालन है, 11वीं योजना में 0.37 प्रतिशत और 12वीं योजना में 0.70 प्रतिशत दिया गया।

मैं सदन में यह बात रखते हुए भारत की सरकार से मांग करता हूं कि कृषि विकास पर जोर देना आपका लक्ष्य है। हमारी जनसंख्या गांवों में बसने वाली है। वर्ष 1951 में 82.07 प्रतिशत थी और वर्ष 2011 में यह 68.08 प्रतिशत हो गयी है। 14 प्रतिशत गांव का आदमी कहां चला गया। गांव का आदमी जो खेती करता था, किसानी करता था, वह शहर में आ गया है। रिक्शा चलाता है, ठेला चलाता है, मजदूरी करता है, फुटपाथ पर सोता है, पेड़ के नीचे सोता है, इस पेड़ के नीचे के परिवार वाले की उस पेड़ के नीचे के परिवार वाले से शादी होती है। वह पेड़ के नीचे जन्मता है, बढ़ता है, सोता है, शादी करता है, पेड़ के नीचे हनीमून मनाता है, पेड़ के नीचे बच्चा पैदा करता है, वह बच्चा फिर पेड़ के नीचे बढ़ता है और फिर वहीं

अपनी जिंदगी गुजारता है। यह उस किसान के शहर में आने का दुष्परिणाम है। क्या हम उसे बचाने का काम कर सकते हैं? किसी आयोग का ध्यान इस ओर नहीं गया है।

महोदय, मैं दो बातें कह कर समाप्त कर दूंगा, आपका ज्यादा समय नहीं लूंगा। इसीलिए मेरी विनम्र प्रार्थना है कि हिन्दुस्तान में 751 कृषि विज्ञान केन्द्र हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र में न जमीन है, न साधन है, न उपकरण है, कुछ नहीं है। इनको पूरी तरह से मजबूत करने का काम किया जाए। सीमांत किसानों की संख्या 64.77 प्रतिशत है और लघु किसानों की संख्या 18.52 प्रतिशत है। कुल मिलाकर 83.29 प्रतिशत किसान, लघु और सीमांत हैं। ये छोटे किसान हैं। इनकी उन्नति कब होगी? इसलिए मैं भारत सरकार से प्रार्थना करना चाहूंगा कि बजट को बढ़ाइए, राशि को बढ़ाइए।

अंत में एक बात की ओर ध्यान दिलाना चाहूंगा कि हिन्दुस्तान में कृषि भूमि वर्ष 1990-91 में 185.2 मिलियन हेक्टेयर और वर्ष 2011-12 में 182 मिलियन हेक्टेयर हो गयी। खेती की जमीन घटती जा रही है और जनसंख्या बढ़ती जा रही है। यह कहां का नियम है? तेल कम होता जाए और नाच बढ़ता जाए, ऐसी मिथिलांचल में कहावत है। खेती की जमीन कम है और जनसंख्या का भार ज्यादा है। इसलिए किसान की हालत यह है। मेरी आपसे विनम्र प्रार्थना है कि खेती की उपजाऊ जमीन को उद्योग से बचाया जाए। कारखानों से बचाया जाए और उस जमीन को खेती लायक रहने दीजिए। अगर आपको उद्योग लगाना है, आप झारखंड, ओडिशा और आन्ध्र प्रदेश में चले जाइए जहां बंजर तथा पथरीली भूमि है, वहां कारखाना लगाइए, आदिवासी इलाके में लगाइए।, वहां कारखाने बनेंगे, विकास होगा, सड़कें बनेंगी, फ्लैट बनेंगे, दुकानें बनेंगी और उन गरीबों का कल्याण होगा।

अंत में, मेरी विनम्र प्रार्थना है कि चूंकि भारत की विभिन्न योजनाओं में गांवों के गरीब किसान कहीं पर नहीं हैं, उनका कहीं स्थान नहीं है, उनका कहीं प्रतिनिधित्व नहीं है, इसलिए उनकी बातें कहीं पर नहीं रखी जाती हैं। बड़े लोग ए.सी. में बैठकर योजनाएं बनाते हैं। गांवों की झोंपड़ियों में अगर योजनाएं बनेंगी तब गांधी जी का दर्शन पूरा होगा, तब भारत का कल्याण होगा। इसलिए मेरी विनती है कि एक नया आयोग बनाया जाए। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के आधार पर फिर गांव, गरीब किसानों के हित में नयी सिफारिशें आएं, उनको भारत की सरकार लागू करे। गांवों, गरीबों के उत्थान की तरफ जब भारत सरकार का ध्यान जाएगा, तभी भारत का सच्चे अर्थ में विकास होगा। मैं नरेन्द्र मोदी जी की उस दृष्टि को धन्यवाद देना चाहता हूं तथा मेरा अनुरोध है कि उस दृष्टि का कार्यान्वयन जल्दी हो। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON : Hon. Members, time on this Resolution was extended by one hour when further discussion on the resolution was taken up today. As the extended time is now over, and there are still many more Members to speak on this Resolution, we may further extend the time for two hours. I do hope the House will agree.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

**श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) :** माननीय सभापति जी, मैं इस रिजोल्यूशन के बारे में कहना चाहूंगा कि हिन्दुस्तान की आज़ादी के 67 वर्षों में जो किसानों का शोषण हुआ, उनको जो लाभकारी मूल्य आज तक नहीं दिया गया, इसके बावजूद भी भारत के किसानों ने देश की प्रगति में एक बहुत बड़ा योगदान दिया है। आज भी भारत की अर्थव्यवस्था का ढांचा कृषि पर आधारित है। मैं मानता हूं कि कोई जमाना था जब भारत की कृषि का जीडीपी में 65 प्रतिशत योगदान था जो आज घटकर 14 प्रतिशत हो गया है। लेकिन इसके बावजूद भी भारत के किसानों ने 2,68,000 करोड़ रुपये का कृषि उत्पादन दूसरे देशों में भेजा है। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि क्लाइमेट एक्सचेंज के अन्तर्गत जो वार्ताएं दुनिया के अंदर चल रही हैं चाहे जो अभी दोहा में चलीं, लीमा और पेरू में कल परसों तक चल रही थीं लेकिन भारत ने अपने किसानों की रक्षा के लिए जो कदम इन वार्ताओं के अंदर उठाए हैं, बड़े बड़े पश्चिम के देशों का, बड़े बड़े यूरोप के देशों का दबाव भारत ने नहीं सहा।

जब तक हम अपने देश के किसानों को अपने पैरों पर खड़ा नहीं कर लेते तब तक हम किसी भी दबाव के सामने झुकने वाले नहीं हैं फिर चाहे वह देश कितना ही अमीर क्यों न हो। हमारे जो भी प्रतिनिधि दुनिया के सम्मेलनों में गये, उन्होंने पूछा कि जब आप भारत के किसानों के लिए खाद पर सब्सिडी खत्म करना चाहते हैं, उनकी फसलों पर सब्सिडी खत्म करना चाहते हैं, आप एमएसपी के ऊपर जो सब्सिडी खत्म करना चाहते हैं, अमरीका, चाइना तथा यूरोप के देशों से पूछा गया कि क्या आपने अपने किसानों के लिए सब्सिडी बंद कर दी, तो फिर भारत को ही बार बार क्यों निशाना बनाया जाता है? 18-11-2004 को स्वामीनाथन आयोग बना था। जिसने चार-पांच रिपोर्ट्स दीं और उनके आधार पर किसानों के हक में उन्होंने कुछ निर्णय लिये। हम उन सब निर्णयों को धीरे-धीरे लागू करने के लिए अपने देश के अंदर वातावरण बनायेंगे, ताकि हमारा किसान अपने पांव पर खड़ा हो। आज भारत के अंदर जी.एम. क्राप्स को भी अंधाधुंध तरीके से लागू करने की कोशिश की जा रही है। इस मामले में भी भारत ने दुनिया के देशों से टकराव मोल लिया कि जब तक जी.एम.क्राप्स, जो हमारे भारत की भूमि है, जो हमारी सॉइल है, पहले हम उसे वहां टैस्ट करेंगे कि वह हमारे भूमि के मुताबिक फिट बैठती है या नहीं, तब उसके बारे में विचार किया जायेगा। हम इसके विरोधी नहीं हैं, लेकिन पश्चिम के कुछ देश, यूरोप के कुछ देश अगर अपने देशों की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए जी.एम.क्राप्स को हमारे ऊपर थोपना चाहेंगे तो भारत किसी भी कीमत पर उसे स्वीकार करने की स्थिति में नहीं है। यह बड़ी खुशी की बात है कि हमारे देश के अंदर स्वदेशी का जागरण भी चल रहा है। जो जहरीले खाद बाहर से आए, इन्होंने हमारी मिट्टी की स्थिति बिगाड़ दी, इन्होंने हमारे पर्यावरण के हालात को बिगाड़ दिया। हमारे देश का किसान अब चाहता है कि हमारा पेस्टिसाइड जैविक आधार पर

बने, वह नीम से बने और इस प्रकार की बहुत बढ़िया रिपोर्ट्स आ रही हैं कि जो नीम से बनने वाली खाद है, वह भारत के लिए बहुत ही लाभकारी साबित हो रही है। भारत ने 12वीं पंचवर्षीय योजना में कृषि क्षेत्र पर 1,34,746 करोड़ रुपये खर्च करने का जो टारगेट रखा है, हम चाहते हैं कि अभी जो हमारी सरकार आई है, जैसे-जैसे देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होती जायेगी, हम चाहेंगे इसके अंदर और बढ़ोतरी की जाए और राष्ट्रीय सुरक्षा मिशन पर 12,350 करोड़ रुपये, बागवानी पर 15,974 करोड़ रुपये, तिलहन पर 3,507 करोड़ रुपये, सिंचाई की छोटी-छोटी योजनाओं पर 13,034 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय कृषि के विस्तार के लिए हिंदुस्तान के छः लाख गांवों के अंदर कृषि क्षेत्र का ढांचा बढ़ाने के लिए, एक जाल बिछाने के लिए अपने हिंदुस्तान के किसानों को मजबूत करने के लिए, उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए, इस क्षेत्र में नई-नई प्रोद्यौगिकी का उपयोग करने के की बात है।

**माननीय सभापति :** कटारिया जी, अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री रत्न लाल कटारिया :** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत 63,246 करोड़ रुपये रखे गये हैं। यह पैसा किसानों पर खर्च होगा, उससे उन्हें अपने खेतों में अपनी भूमि का स्तर बढ़ाने में, सिंचाई के साधन बढ़ाने में मदद मिलेगी। हमारे पूर्व प्रधान मंत्री, श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने जो नदियों को जोड़ने की योजना बनाई, चूंकि आज भी हमारे देश की जो कृषि भूमि है, वह अधिक मात्रा में सिंचित नहीं है। उसी मिशन को लेकर हमारे प्रधान मंत्री, आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने बीड़ा उठाया है कि हिंदुस्तान की जो बड़ी-बड़ी नदियां हैं, उनको जोड़कर हम आने वाले समय में अपने भारत के किसान के हर खेत को सिंचित करने के लिए इस प्रकार की एक योजना बनायेंगे, जिससे हमारा किसान अपने पैरों पर खड़ा हो सके।

महोदय, मैं हरियाणा से आता हूं।

**माननीय सभापति :** कटारिया जी, आपने पांच मिनट मांगे थे।

**श्री रत्न लाल कटारिया :** मुझे बस एक मिनट और दे दीजिए।

**माननीय सभापति :** आपने पांच मिनट मांगे थे, पांच की जगह आठ मिनट हो गये हैं, अब आप एक मिनट में अपनी बात समाप्त करिये।

**श्री रत्न लाल कटारिया :** मान्यवर, मैं हरियाणा के अम्बाला लोक सभा क्षेत्र से चुन कर आता हूँ। मैंने पिछले दस वर्षों में यूपीए शासन के अंदर हरियाणा के अंदर देखा। मैंने कांग्रेस के पिछले दस वर्षों के शासन के अंदर देखा कि किस प्रकार का भद्दा मज़ाक वहां के किसानों को उनकी फसलों के नुकसान के लिए आठ-आठ आने के चैक दे कर, एक-एक रूपये का चैक दे कर, उनके साथ किया गया। इससे बड़ी मिसाल कहीं भी देखने को नहीं मिलेगी। मैंने वहां के मुख्य मंत्री जी से एक बार पूछा था कि आप जो यह आठ-

आठ आने के चैक भेज रहे हैं, दो-दो रूपये के चैक भेज रहे हैं, कम से कम इतना ही बता दीजिए कि किसान तक पहुंचाने के लिए प्रति चैक खर्च कितना आ रहा है? एक चैक के ऊपर ही पांच-छह रूपये तक का खर्चा हो जाता है। इस प्रकार से पिछले वर्षों में किसानों की सेवा की गई। इस प्रकार से किसानों को अपने पांवों पर खड़ा करने की योजना बनाई गई।

आपने मुझे बोलने के लिए मौका दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।

**श्री हुकुम सिंह (कैराना) :** सभापति महोदय, यह बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। अधिकांश जो विचार आए हैं, वे स्वामीनाथन आयोग को ले कर आए हैं। मुझे आज सुन कर बड़ा आश्चर्य हुआ कि अभी भी लोग विश्वास करते हैं कि पुरानी खेती की जो विधि थी, उसको अपना कर हम स्वावलंबी हो पाएंगे। क्या सोचते हैं कि अगर हम आज हल चला कर खेती करें तो हम स्वावलंबी हो जाएंगे? आज अगर उसी तरह रहट की खेती करें तो क्या हम स्वावलंबी हो जाएंगे? आवश्यकता इस बात की थी कि खेती को भी विज्ञान के साथ जोड़ा जाए।

मुझे वह दिन स्मरण है, जब भारतवर्ष में अनाज का बहुत बड़ा संकट आया था। पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध चल रहा था। उस युद्ध में एक सैनिक होने के नाते मैं भी शामिल था और तत्कालीन प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने सेना के लिए भी कहा था कि एक वक्त का खाना सोमवार को छोड़ दीजिए। हमारे यहां भोजन की इतनी दिक्कत थी? नई टैक्नॉलोजी आई, नया बीज आया और हमारे किसान ने मेहनत की, सरकार ने सहयोग दिया तो इतना अन्न पैदा किया गया कि हम स्वावलंबी भी हो गए और अनाज को बाहर भेजने की स्थिति में भी आ गएए। अगर हम वहीं उस हल की खेती पर चलते रहते और एक एकड़ में दो-तीन क्विंटल पैदा करते रहते तो यह देश कभी भी स्वावलंबी होने वाला नहीं था। मुझे तकलीफ इसी बात की है। हमें समझना चाहिए कि स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट है क्या? उसको पढ़ना चाहिए? उन्होंने एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण दिया है। उन्होंने इस बात का प्रमाण दिया है कि अगर किसान को उसकी उपज का सही दाम देना है, तो उस उपज का सही दाम देने का तरीका क्या होगा। हम अभी तक क्या करते थे? हम देखते थे कि खाद की कीमत इतनी बढ़ गई, सिंचाई की कीमत इतनी बढ़ गई और यहां पर आयोग बना हुआ है, सिफारिश कर दी, सरकार ने उसकी घोषणा कर दी। लेकिन स्वामीनाथन जी चूंकि एक वैज्ञानिक थे, कृषि से जुड़े हुए थे, कृषि में उनकी आस्था थी, उन्होंने कहा कि यह तरीका सही नहीं है। उन्होंने कहा कि जमीन के रूप में उसकी जो पूंजी लगी हुई है, उसका भी आंकलन कीजिए। उसका जो श्रम है, अपनी मेहनत है, उसका भी आंकलन कीजिए। तब किसान को खेती की उपज का दाम आप दीजिए। इसमें गलती क्या है? मान्यवर गलती कहां हुई। इसमें दो फैक्टर्स हैं, जिन पर विचार करना चाहिए। एक तो सरकारों का कुशासन। जो सरकारें रहीं, चाहे प्रदेश में रही हों, अगर उन्होंने इस बात के ऊपर विचार किया होता, चाहे वे गांधी जी रहे हों, सरदार पटेल रहे हों, चौधरी चरण जी रहे हों, जो आज किसानों के मसीहा कहे जाते हैं। हरेक ने कहा कि जमीन से बोझ कम कीजिए। अगर आज चार आदमियों का परिवार है तो कल दस आदमियों का हो जाएगा, तो दस आदमियों का गुजारा उस खेती से नहीं हो पाएगा। सारे के सारे लोग खेती में लगाएंगे तो कहां से पैदावार हो जाएगी, इसलिए जमीन का बोझ कम

कीजिए। छोटे उद्योग लगाइए, इन बच्चों को, जो परिवार बढ़ता जा रहा है, जो जनसंख्या बढ़ती जा रही है, उसको लघु उद्योग की तरफ ले जाइए। तब जा कर किसान स्वावलंबी हो पाएगा। उस तरफ तो ध्यान दिया नहीं गया।

हमारे पूर्व वक्ता यादव जी बोल रहे थे, बड़ा भावुक उनका भाषण था। वे कह रहे थे कि जमीन के ऊपर, पेड़ के नीचे और पेड़ के ऊपर किसान रहता है। सोचना तो इस बात को चाहिए कि यह स्थिति आई क्यों? वे ऐसे ही रहेंगे और कुछ नहीं कर पाएंगे। सरकारों को कोशिश यह करनी चाहिए थी कि छोटे उद्योगों के माध्यम से रोज़गार के अवसर बढ़ाते, ताकि किसानों के बच्चों को केवल उस दो एकड़ जमीन के ऊपर निर्भर नहीं रहना पड़ता। बाकी लोगों को छोटे उद्योगों में जाना चाहिए था, उत्पादन करना चाहिए था और जमीन का बोझ कम करना चाहिए था। सोचने की बात तो वह थी। उधर सोचा नहीं गया। स्वामीनाथन आयोग की जो रिपोर्ट है, सारी बातों का विस्तार से उसमें विशलेषण किया गया है। उसको मान कर कार्यरूप देना चाहिए और उसको आगे ले कर चलना चाहिए। आज आवश्यकता किस बात की है? यह तो कहना बहुत आसान है कि बाहर से ज़हर आ गया, खाद आ गया। खाद अगर न आता, अगर रासायनिक खाद इस्तेमाल न करते तो क्या पैदावार बढ़ जाती? गलती तो अपने आप की कि हमने किसान को आगाह नहीं किया कि उसका सन्तुलित उपयोग कैसे किया जाए, बैलेंस - वे में उसे कैसे इस्तेमाल किया जाए? पंजाब की क्या हालत हुई? पंजाब ने इतनी ज्यादा उपज पैदा की और बिना भेदभाव के इतना ज्यादा खाद उसमें इस्तेमाल किया कि जमीन को तो खराब होना ही था। निराशा की बात इसलिए नहीं है, क्योंकि, कभी पंजाब और हरियाणा इस देश के सबसे बड़े उत्पादक थे, लेकिन आज राजस्थान आगे बढ़ रहा है, आज मध्य प्रदेश आगे बढ़ रहा है। गेहूं के उत्पादन में आज मध्य प्रदेश ने कीर्तिमान स्थापित किया है। अच्छी तरह के गेहूं की क्वालिटी में भी और उपज में भी। उन्होंने शुरूआत इस बात से की कि उन्होंने सिंचाई के साधन दिए, राजस्थान ने सिंचाई के साधन दिए, जहाँ कभी बिल्कुल रेत पड़ा रहता था, आज वह हरा-भरा हो गया, उन्होंने इजरायल की टेक्नोलॉजी को अपनाया। आवश्यकता तो इस बात की थी कि जो नयी-नयी तकनीकें खेती की आ रही हैं, सिंचाई की आ रही हैं, किसान को हम पूर्णतया अनुदान देकर उन तकनीकों पर ले जाएँ।

हम पश्चिमी उत्तर प्रदेश से आते हैं और हमारा मुकाबला पंजाब और हरियाणा से ही खेती के मामले में होता है। हम भी पिछड़ जाएंगे, अगर हम नयी टेक्निक पर नहीं आएंगे, क्योंकि, पानी की कमी तो होती ही जा रही है। आज ड्रिप इरीगेशन आ जानी चाहिए थी, एक-एक बूंद पानी की कीमत होनी चाहिए, फसल को उतना पानी मिलेगा, जितनी उसे आवश्यकता है। कंप्यूटराइज्ड सिंचाई का साधन होगा। ओपन

कैनाल सिस्टम से सिंचाई जो आज भी भारतवर्ष में हो रही है, दुनिया इसके ऊपर हँसती है कि भारत आज भी वहीं का वहीं है। नहरें चल रही हैं, पानी भाप बनकर उड़ रहा है, जमीन के नीचे जा रहा है, आगे बढ़ नहीं पा रहा है। कोशिश यह होनी चाहिए कि नये आधुनिक विचारों के साथ, नई वैज्ञानिक विधि से और जो हमारे सम्मानित नेताओं ने, चाहे बापू महात्मा गाँधी हों, चाहे सरदार पटेल हों या चौधरी चरण सिंह हों, जो विधि उन्होंने बतायी थी कि जमीन के ऊपर से बोझ कम करके छोटे-छोटे उद्योग लगाइए, ताकि खेती के ऊपर, जमीन के ऊपर बोझ कम हो। आज मैं भारतवर्ष के किसानों को मुबारकबाद देता हूँ, जिन्होंने उपज में नया कीर्तिमान बनाकर सारी दुनिया को दिखा दिया है कि भारत का किसान वैज्ञानिक सोच का भी है, मेहनती भी है और ईमानदारी के साथ फसल पैदा कर सकता है।

इन्हीं शब्दों के साथ जो हमारे माननीय सदस्य महताब साहब बोल रहे थे, उन्होंने बहुत अच्छा वक्तव्य दिया, बड़े विश्लेषण से उन्होंने कहा, मैं उनकी सब बातों का समर्थन करता हूँ।

**श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) :** महोदय, मैं राजू शेट्टी जी द्वारा लाये हुए रेजोल्यूशन का समर्थन करते हुए बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ।

मेरे पहले के जितने वक्ता थे, भर्तृहरि महताब साहब, प्रहलाद सिंह पटेल साहब, हुक्मदेव बाबू, हुकुम सिंह जी, सत्यपाल जी और कटारिया जी, उन्होंने अपनी-अपनी बातें कहीं। इस देश के हालात ये हैं कि हम बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, खासकर इस पार्लियामेंट में मैं हमेशा देखता हूँ। मेरा पार्लियामेंट का यह छठा साल है, शिक्षा की बात आएगी तो सबको शिक्षा एकदम से दे देनी चाहिए, पैसा है या नहीं है, इसके लिए चर्चा शुरू हो जाती है। स्वास्थ्य सेवा सबको दे देनी चाहिए, कैसे स्वास्थ्य सेवा देनी चाहिए, इसकी कोई बात नहीं होती है। गाँव के लोग बात करते हैं, गरीब की बात करते हैं, किसान की बात करते हैं और जब गाँव, गरीब और किसान की बात आती है तो सारी पार्लियामेंट एक साथ एकत्रित हो जाती है कि गाँव, गरीब और किसान की बात करनी है। जो इस देश की बेसिक प्रॉब्लम्स हैं, उनके बारे में लोग, अभी जैसे स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट है, उत्पादन लागत जितनी है, उसका 50 परसेन्ट से ज्यादा दे देना चाहिए। सुनने में बहुत अच्छा लगता है कि दे देना चाहिए, लेकिन उसी स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट है, जिसे हुकुम सिंह साहब कह रहे थे। एक-दो रिपोर्ट्स नहीं हैं, पाँच रिपोर्ट्स हैं और पाँच रिपोर्ट्स में वे जिक्र करते हैं कि जो लैंडलेस लोग हैं, जिनके पास कोई जमीन नहीं है, वे 11.5 परसेन्ट हैं। जो सब-मार्जिनल होल्डिंग्स है, जिनके पास मैक्सिमम एक एकड़ जमीन है, ज्यादा से ज्यादा एक एकड़ जमीन है, उस तरह के 40 परसेन्ट लोग हैं। जो मार्जिनल होल्डिंग्स है, मतलब जिनके पास दो एकड़, ढ़ाई एकड़ जमीन है, उस तरह के 20 परसेन्ट लोग हैं। 40 परसेन्ट लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं।

**<u>16.59 hrs</u>** **(Shri Hukum Singh i*n the Chair)***

अभी मैडम सीतारमण जी यहाँ बैठी हुई हैं, लड़-झगड़कर आई हैं, फूड सिक्योरिटी के लिए इतनी बड़ी लड़ाई लड़ी। माननीय प्रधानमंत्री जी और मैडम सीतारमण जी इसके लिए बधाई के पात्र हैं कि उन्होंने गरीबों की लड़ाई लड़ी। उस देश में आपको कैसा लगता है, जब सीमान्त किसान 85 परसेन्ट हैं, गरीब आदमी 85 परसेन्ट हैं। वह जो पैदा करता है, साल भर तक उसको खा पाने की स्थिति नहीं होती है। यदि आप चाहते हैं कि इतना दाम बढ़ा दें, किसी फूड का दाम बढ़ा दें, पैडी का दाम बढ़ा दें, राइस का दाम बढ़ा दें, सारी चीजों का दाम बढ़ा दें तो आप गरीबों को मार देना चाहते हैं।

यदि इस बारे में कोई बात करने आएगा तो कहते हैं कि यह कारपोरेट की बात करता है, यह किसान की बात नहीं करता है। मैं अपने बारे में बताना चाहता हूं कि मैं गांव का लड़का हूं और दो रुपए

बचाने के लिए पैदल तीन किलोमीटर चलकर स्कूल जाया करता था। वहां से आज मैं संसद में पहुंचा हूं। मैं गांव, गरीब और किसान की बात समझता हूं। यदि किसान की स्थिति के बारे में चर्चा करेंगे, तो इस देश में एग्रीकल्चर स्टेट का सब्जेक्ट है। संविधान बनाने वालों ने क्या सोचा कि एग्रीकल्चर को राज्य सब्जेक्ट बना दिया, लेकिन इससे संबंधित पालिसी सैंट्रल गवर्नमेंट बनाती है और खेती प्राइवेट लोगों के पास है। आप देखें कि कितना ज्यादा मिस मैच है। हम संसद में चर्चा भले ही कर लेते हैं क्योंकि पालिसी यहां से बनती है लेकिन यह विषय कनकरेंट लिस्ट में भी नहीं है। जब भी यहां प्रश्न किया जाता है तो कहा जाता है कि राज्य से बात कीजिए। एग्रीकल्चर विभाग और इंटर मिनिस्टीरियल विभाग में कोई कार्डिनेशन नहीं है। स्वामीनाथन जी कहते हैं कि देश में चार रेवोल्यूशंस की आवश्यकता है। पहला ग्रीन रेवोल्यूशन की आवश्यकता है, जिसकी बात हुकुम सिंह साहब कह रहे थे कि एक समय था वर्ष 1980-82 तक हम लोगों को खिलाने के लिए पैसा नहीं था। यहां कामर्स मिनिस्टर बैठी हुई हैं, जब भी भारत मार्केट में जाता है, उसे राइस लेना है, पैडी लेना है, अरहर लेना है या कोई अन्य सामान लेना होता है तो अपने आप इंटरनेशनल मार्केट में उसकी प्राइज़ बढ़ जाती है क्योंकि लोगों को लगता है कि अब उस चीज के दाम बढ़ने वाले हैं। उस स्थिति में जब लाल बहादुर शास्त्री जी ने " जय जवान, जय किसान " का नारा दिया और जिसकी बात आपने कही कि माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने " जय किसान, जय जवान और जय विज्ञान " की बात कही, तो आज हमारा देश इतना आत्मनिर्भर हो गया है कि उसे आज मार्केट में केवल पल्स के अलावा या आयल सीड के अलावा बहुत ज्यादा चीजों को लेने की आवश्यकता नहीं होती है। ये उसी सीमांत किसान के कारण हुआ है और इसीलिए किसान बधाई के पात्र हैं। आज किसान के लिए हम क्या कर सकते हैं, यह सोचने की बात है।

ग्रीन रेवोल्यूशन के बाद हमें वाइट रेवोल्यूशन चाहिए, जिसके बारे में बात हो रही थी कि मवेशी कम हो रहे हैं। इसके साथ हमें ब्लू रेवोल्यूशन की आवश्यकता है कि मछली देश में कैसे पैदा की जाए। चौथा येलो रेवोल्यूशन है जिसमें पाल्ट्री प्रोडक्ट्स हैं जैसे मुर्गी या मटन आदि आते हैं। इसके अलावा पिंक रेवोल्यूशन जैसे हमारे यहां सेब बहुत ज्यादा एक्सपोर्ट हो रहा है। इन सभी रेवोल्यूशंस की आज हमारे देश में आवश्यकता है। मेरे पास कुछ आंकड़े हैं कि देश में बहुत कमीशन बनते हैं। 19वीं शताब्दी के पहले एग्रीकल्चर देश का विषय है, इसके बारे में कोई नहीं सोचता था। 1880 ईसवीं में अकाल कमीशन बना, फेमिन कमीशन बना। उस कमीशन को श्री आर. स्ट्रेच ने लीड किया। चूंकि भारत मानसून के ऊपर निर्भर देश है, उन्होंने बताया कि अगर दो साल यहां वर्षा होगी तो एक साल अकाल पड़ेगा। यहां मानसून कभी कंसिस्टेंट नहीं हुआ। यह संयोग है कि पिछले 15-20 साल से लगातार मानसून लगभग आ ही रहा है। इस बार भी लग रहा था कि मानसून नहीं आएगा। वर्ष 1880 में पहली बार इस देश में लोगों ने सोचा कि इस

देश में अकाल को खत्म करने के लिए क्या चीजें होनी चाहिए। उसी रिपोर्ट को इम्प्लीमेंट करने के लिए 1879 में बोरालकर कमेटी बनी। इस कमेटी के आधार पर वर्ष 1893 से लेकर 1903 तक इर्रीगेशन कमेटी बनी कि देश भर के इर्रीगेशन के बारे में देखेगी। अब इसे भी स्टेट सब्जेक्ट बना दिया है क्योंकि कोई भी नदी या नाला एक राज्य से हो कर नहीं बहता है। यदि आप यहां वाटर रिसोर्सिस की बात करेंगे, इर्रीगेशन की बात करेंगे, तो आपको वही रटारटाया जवाब यहां मिलता है। फेमिन कमीशन की अनुशंसा और इर्रीगेशन कमीशन की अनुशंसा थी।

सभापति महोदय, फेमीन कमीशन और इर्रीगेशन कमीशन के जो रिकमेंडेशंस थे, उसने एक सिचुएशन पैदा किया। फिर वर्ष 1937 में जॉन रसेल की एक कॉम्प्रिहेन्सिव रिपोर्ट आयी। कृषि के लिए इंस्टीच्यूट कैसे बनेंगे, विश्वविद्यालय कैसे बनेंगे, और कृषि के स्ट्राँग और वीक एरियाज क्या हैं, वह जॉन रसेल ने इस देश को बताया। फिर पंचवर्षीय योजना लागू हो गयी। उसके बाद वर्ष 1970 से वर्ष 1976 एक नेशनल कमीशन ऑन फार्मर्स भी आ गया और उसके बाद यह स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट आयी।

सभापति महोदय, वर्ष 1926 में एक और कमेटी रॉयल कमीशन ऑन एग्रीकल्चर बनी थी। आज से एक सौ साल पहले की वर्ष 1926 की रिपोर्ट और एम. एस. स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को यदि आप देख लीजिए तो इन एक सौ सालों में इस देश के हालात नहीं बदले। इस देश के हालात नहीं बदले तो सीमांत किसानों के भी हालात नहीं बदले। मैंने दोनों आयोगों की रिपोर्ट्स को टैली किया। दोनों कमीशंस कह रहे हैं, जैसा प्रह्लाद सिंह पटेल जी ने कहा, कि गोचर की जमीन खत्म हो रही है, चारागाह ही नहीं हैं। उसके बारे में इस देश में कोई चर्चा नहीं है।

वर्ष 1926 की जो रॉयल कमीशन ऑन एग्रीकल्चर की रिपोर्ट है, वह यह कह रही है कि उस वक्त ट्यूबवेल शुरू-शुरू आया था। यह कहा कि अब इस देश में ट्यूबवेल की संस्कृति विकसित हो रही है, लोग कुएं के बदले ट्यूबवेल्स की तरफ जा रहे हैं। अगर यही सिचुएशन रहा तो एक समय ऐसा आएगा कि पानी का जो लेवल है, वह इतना नीचे चला जाएगा कि लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिलेगा। आप यह समझिए कि इन एक सौ सालों में किसी कमीशन ने, किसी रिपोर्ट ने, किसी सरकार ने उस पानी के स्तर को रोकने का प्रयास नहीं किया और आज पानी की समस्या सबसे ज्यादा है। राजू शेट्टी साहब के महाराष्ट्र में आज पीने के पानी की समस्या है। फिर आप खेती को कैसे पानी देंगे? उस कमीशन ने कहा कि आप एग्रीकल्चर के जितने इंस्टीच्यूट्स खोल सकते हैं, उतने खोलिए। क्या आज़ादी के 67 सालों के बाद भी कोई एग्रीकल्चर इंस्टीच्यूट खुला? क्या उसके लिए कोई कमीशन बना? चौथी बात उसने कही कि मार्केट नहीं है, कनेक्टिविटी नहीं है। अटल बिहारी वाजपेयी ने इस्ट-वेस्ट कॉरिडोर की बात की, नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर की बात की, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना की बात की। इससे पहले क्या किसी ने सोचा?

महोदय, आज मैं जिस गांव में रहता हूं, उस गांव में सबसे ज्यादा सब्जी पैदा होती है। वहां लोग पैदल तो मार्केट चले जाएंगे, लेकिन उस सब्जी को तीन-चार किलो मीटर दूर मार्केट ले जाने की व्यवस्था नहीं है।

महोदय, इसके बाद फाइनैंसर की स्थिति आती है। मध्य प्रदेश सरकार ने अच्छा काम किया है कि वह लोगों को एक प्रतिशत, दो प्रतिशत इंटेरेस्ट पर पैसे दे रही है। स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट कहती है कि चार प्रतिशत पर दीजिए। इस पर लगातार चर्चा होती है, लेकिन हम लोग सरकार के ऊपर यह दबाव नहीं बना पाते हैं कि वहां का जो बिचौलिया है, वहां के जो महाजन हैं, उस महाजन प्रथा को हम खत्म करें। यह वर्ष 1926 की रिपोर्ट है। मैं देख रहा था कि स्वामीनाथन आयोग और रॉयल कमीशन की वर्ष 1926 की रिपोर्ट में क्या-क्या समानताएं हैं। वर्ष 1926 की रिपोर्ट ने कहा कि डिस्ट्रीब्यूशन ऑफ लैंड प्रॉपर नहीं है। यह तो फैक्ट है। अगर आप स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट को देखेंगे तो मात्र 10% लोगों के पास मैक्सिमम लैंड होल्डिंग है और उसी के आधार पर हम एम.एस.पी. की बात करते हैं। यदि हम उन्हें प्रॉफिट दिलाने की बात करेंगे तो उसी किसान की बात करेंगे क्योंकि सीमांत किसान तो कमाता है और साल भर तक अपने बच्चों और अपने परिवार को खिलाता है।

इसके अलावा स्वॉयल है, जिसके बारे में माननीय प्रधान मंत्री जी का भी आग्रह है। पहली बार किसी सरकार ने मिट्टी की जांच के लिए प्रयोगशालाओं की बात की है। गांव-गांव में मिट्टी के अलग-अलग प्रकार हैं, इस तरफ पहली बार किसी सरकार ने सोचा। उसी तरह से उन्होंने कहा कि जो क्रॉप है, उसमें सीड कौन-सा लगेगा और उन्होंने ऑयल सीड की बात की। आपको पता है कि हम सबसे ज्यादा तेल ला रहे हैं और पल्स के बारे में हमारा आग्रह है। यह बात उस कमीशन ने उस वक्त वर्ष 1926 में ही प्रेडिक्ट कर दिया था।

सभापति महोदय, उसी तरह से फर्टिलाइजर की बात है। जिस वक्त यह रिपोर्ट बनी, उस वक्त हम एक किलोग्राम प्रति हेक्टेयर फर्टिलाइजर लगाते थे। वर्ष 1980-81 में 100 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर फर्टिलाइजर लगता था और आज 252 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर फर्टिलाइजर लग रहा है। इस फर्टिलाइजर के कारण पंजाब में क्या हो रहा है, यह आपने भगवंत मान साहब से सुना।

महोदय, एग्रीकल्चर के बारे में एजुकेशन नहीं है। अभी भी एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट एग्रीकल्चर में लोगों में स्किल की आवश्यकता को नहीं समझता है। जो ग्रामीण रोजगार होने चाहिए, उसमें लेबर का किस तरह विकास होना चाहिए, उसकी इंडस्ट्री कैसी होनी चाहिए, फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री कैसी होनी चाहिए, आज इस तरह का कोई सवाल नहीं है।

सभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से कहना है कि जब हम इस तरह की कोई चर्चा करते हैं, जब हम गांव, गरीब, किसान की बात करते हैं तो हमें इस पर भी चर्चा करनी चाहिए कि सरकार के पास क्या संसाधन हैं, गरीबी रेखा से नीचे कितने लोग हैं, सीमांत किसान कितने हैं, अमीर किसान कितने हैं? इस देश में यदि हमें फूड सिक्यूरिटी लागू करना है, यदि हमें सबको भोजन कराना है तो उसकी क्या व्यवस्था होगी, इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। बार-बार जो कमीशन बने हैं, उन कमीशन ने क्या कहा है और इस कमीशन ने क्या कहा है? इसका कांप्रिहेंसिव विश्लेषण होना चाहिए। प्रधानमंत्री जी एक अच्छी दिशा में जा रहे हैं, क्योंकि उन्होंने गांव-गरीब की बात की है। जो स्वच्छता भारत अभियान है, जो झाड़ू लगाना लोगों को बुरा लगता था, आज अंबानी से लेकर टाटा तक सोचते हैं कि यदि झाड़ू लगायेंगे तो इस देश के लिए कुछ कल्याण का काम करेंगे। उसी तरह से किसान के कल्याण के लिए काम करें।

मेरा सरकार से यही आग्रह है। इन्हीं शब्दों के साथ जय हिन्द, जय भारत।

**श्री फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला) :** सभापति महोदय, श्री राजू शेट्टी द्वारा पेश किए गए संकल्प के संदर्भ में कहना चाहूंगा कि यह विशेषकर स्वामीनाथन आयोग की जो सिफारिशें हैं, उन्हें लागू करने के विषय में है। बहुत सारे विद्वानों ने अपने विचार यहां व्यक्त किए। खासतौर से इस समय देश में जल, जंगल और जमीन के बारे में बहुत चर्चा हो रही है। यह इससे जुड़ा हुआ सवाल है। जब हम किसान के बारे में बात करते हैं, किसान को सक्षम बनाने की बात करते हैं, खेती को उद्योग या धंधा बनाने की बात करते हैं तो हमारे लिए यही जल, जंगल और जमीन है। यह बहुत आवश्यक है।

इस देश के अन्दर जब भूमि सुधार आन्दोलन शुरू हुआ, सारे देश भर से विभिन्न संस्थाओं ने, खासतौर से जो पहाड़ी क्षेत्र हैं, जनजातीय क्षेत्र हैं, उन क्षेत्रों से और पूरे देश से लोग एकत्रित हुए। पूरे देश में कई तरह के एजिटेशंस हुए। इतनी बड़ी संख्या में इस प्रकार के आंदोलन हुए, उन आंदोलनों को लेकर कुछ संस्थायें आगे बढ़ीं, तो सरकारों के रोंगटे खड़े हो गए। हम इस बारे में विचार क्यों नहीं करते हैं कि इसका समाधान क्या होना चाहिए? भूमि सुधार आंदोलन में मैंने कुछ क्षेत्रों को देखा है। हमारे कुछ साथियों ने कहा है कि जो पड़त भूमि है, कभी उसके बारे में हमने चिन्ता नहीं की है। कई बार राज्य सरकारों ने कहा कि इसे गरीबों को दे दिया जाए, इन वर्गों को दे दिया जाए, दलितों को दे दिया जाए या भूमिहीन परिवारों को दे दिया जाए। केवल यह कहने से इसका रास्ता नहीं निकलेगा। किसान को अगर हमें सक्षम बनाना है तो वास्तव में कानून में बदलाव करना पड़ेगा और इसके बारे में बेसिक तौर से सोचना पड़ेगा। यह बहुत आवश्यक है। वास्तव में ये जो आंदोलन होते हैं, ये इन्हीं क्षेत्रों में होते हैं और इसलिए मैं चाहता हूं कि जो यह परिस्थिति हमारे देश में पैदा हो रही है, इसको कहीं न कहीं आज रोकने की आवश्यकता है। आज इसकी जरूरत है। अगर हम इसके बारे में विचार नहीं करेंगे, तो देश में अशान्ति फैलेगी। जब अशान्ति फैलेगी तो अपने आप देश का वातावरण और माहौल खराब होगा। लोग देश को तब सही दृष्टि से नहीं देखेंगे। हम चाहते हैं कि एक ऐसी व्यवस्था किसानों के हित में बने कि कोई असंतुलन न हो। चाहे महाराष्ट्र के लोग हों, आन्ध्र प्रदेश के लोग हों, तेलंगाना के लोग हों या छत्तीसगढ़ के लोग हों, मैं इन क्षेत्रों में देखता हूं, ये ऐसे ही क्षेत्र हैं। आज बहुत सुसाइड हो रही हैं। किसान परेशान है, कितने ही लोग इस विषय को लेकर आत्महत्या कर रहे हैं। हम किसानों के हित में केवल चर्चा करें और कोई रास्ता न निकालें तो ऐसी चर्चा करने से कोई समाधान नहीं निकलेगा। हमें वास्तव में इस विषय को लेकर सोचना पड़ेगा कि आखिर इस प्रकार की स्थिति क्यों बन रही है? उसके बारे में हमें सोचने की आवश्यकता है। भूमि सुधार के जो आंकड़े हमारे पास आते हैं, आप उन्हें दिखवाइए। इन्हें विभाग देखे, सरकार देखे कि खेती के लिए क्या रास्ता निकल सकता है। आप सामूहिक खेती करा सकते हैं, सहकारिता के क्षेत्र में कोऑपरेटिव सैक्टर को

बढ़ावा दे सकते हैं। समूह में सरकार और उन गरीबों का हिस्सा रहे, लेकिन प्रापर्टी सरकार की रहे, परन्तु हम सामूहिक रूप से इस क्षेत्र में खेती करने के बारे में विचार करें। फॉरेस्ट के अन्दर भी इस प्रकार की स्थिति बनती है। कुछ लोगों ने देश के उद्वहन सिंचाई परियोजना के बारे में कहा है। यह उद्वहन सिंचाई परियोजना भी पहाड़ी क्षेत्रों के अंदर है। सरकारों ने उसे बंद करके रखा है। हम एक तरफ कृषि के क्षेत्र में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए किसानों को सक्षम बनाने की बात करते हैं। हमारे पास बहुत सारे प्रावधान हैं, हमें उनके बारे में सोचना चाहिए, ताकि किसान सक्षम हो सकें। मैंने वैद्यनाथन कमेटी की रिपोर्ट में देखा है। ...(व्यवधान) यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। हमें इस प्रकार के प्रश्नों के बारे में सोचना चाहिए, क्योंकि, यह किसानों से संबंधित मामले हैं। किसानों से संबंधित ऐसी बहुत सारी स्कीम्स हैं, जिनके बारे में विचार किया जाना चाहिए। हम किसानों को 13.5 प्रतिशत की दर से, विद्यार्थियों को 14 प्रतिशत की दर से, मकान बनाने के लिए 10 प्रतिशत की दर से और कार खरीदने के लिए लगभग 10 प्रतिशत की दर से कर्ज देते हैं। इस पर भी हमें विचार करना चाहिए कि आखिर इस प्रकार की स्थिति क्यों है।

जबलपुर में कृषि विश्वविद्यालय है, वह ट्राइबल क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। हमारे यहां तेलहन और दलहन की खेती विशेष मात्रा में होती है, परन्तु कुछ वैज्ञानिकों ने इसे अलग स्थानांतरित करने की बात की है। मैंने मंत्री जी से कहा है कि हम जिस बंजर भूमि की बात करते हैं, जहां पर ये पैदा होते हैं, अगर उनके बारे में लोग सोचेंगे तो हम किसानों की मदद कर पाएंगे? इस पर राजनीतिक दृष्टि से विचार नहीं होना चाहिए। वास्तव में, यह किसानों के बारे में चिन्ता का विषय है। मैं यह चाहता हूं कि इन स्थितियों में जो आयोग बनते हैं, इन सिफारिशों के बारे में भी उनको भी बताया जाये और सरकार इस पर पहल करे, मेरी इतनी प्रार्थना है। धन्यवाद।

**श्री पी.पी.चौधरी (पाली) :** सभापति महोदय, श्री राजू शेट्टी द्वारा यह संकल्प कि राष्ट्रीय कृषि आयोग की सिफारिशों का कार्यान्वयन करने के लिए सरकार से आग्रह किया जाना चाहिए, यह अपने-आप में एक महत्वपूर्ण विषय है। कृषि और किसानों के बारे में लम्बे समय से संसद में और संसद के बाहर चर्चा होती रही है। आज देश की 70 प्रतिशत जनता गांवों में रहती है जिनमें लगभग 70 करोड़ लोग कृषि पर निर्भर हैं। यह देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है, क्योंकि, उससे हमारे देश की आर्थिक स्थिति और रोजगार जुड़े हुए हैं, उससे सरकार की कई नीतियां जुड़ी हुई हैं। इस विषय को संसद ने गंभीरता से लिया है। सभी सदस्यों ने इस विषय पर अपने-अपने मत व्यक्त किए हैं, उसके लिए मैं सभी को धन्यवाद देता हूं।

अगर हम कृषि को 1961 से देखें तो इसकी क्या स्थिति थी और आज क्या स्थिति है। वर्ष 1961 में कृषि से 75 प्रतिशत रोजगार होता था जो वर्ष 2014 में घटकर 60 प्रतिशत रह गया है। यही नहीं, पिछले 60 सालों में देश की जो आर्थिक नीति रही है, 1961 में जीडीपी का हिस्सा 60 प्रतिशत था जो आज घटकर 13 प्रतिशत रह गया है। आज देश में 31 घराने ऐसे हैं जिनका 55 प्रतिशत के करीब हिस्सा जीडीपी में है। आज देश की कृषि 60 प्रतिशत मानसून पर निर्भर करती है और 40 प्रतिशत ट्यूबवैल, अंडरग्राउंड वाटर पर निर्भर करती है। हम सब जानते हैं कि जो किसान मानसून पर निर्भर करते हैं, वे सूखे से ग्रसित होते हैं और कई बार बाढ़ की वजह से भी परेशान होते हैं। आज किसानों की लागत मूल्यों की बात करना बहुत आवश्यक है। ऐसी स्थिति क्यों आई? खाद के मूल्यों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आज किसान जिस समय बुवाई करता है, उस समय खाद की कालाबाजारी होती है, खाद समय पर नहीं मिलती, बीज नकली मिलते हैं और बिजली पूरी नहीं मिलती। मैं प्रधान मंत्री जी और वित्त मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा कि आज की तारीख में डीजल के दाम काफी नीचे आए हुए हैं। इससे किसानों को बहुत राहत मिलेगी। जहां तक एग्रीकल्चरल इनपुट्स, इम्प्लीमेंट्स की बात है, इसके दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन आउटपुट, किसानों को कृषि का मूल्य बहुत कम मिलता है। आज कृषि फायदे का सौदा नहीं रहा। गांव दिनों-दिन मजबूरी की शरणस्थली बनते जा रहे हैं। जहां तक ऋण की बात है, स्वामीनाथन कमीशन की रिपोर्ट में साफ कहा गया है कि अगर आप चाहते हैं कि गांव विकसित हों, किसान विकसित हों, गांव के गरीब विकसित हों तो अगर किसानों का ऋण चार प्रतिशत से ज्यादा होगा तो उन्हें खेती करने में कोई फायदा नहीं होगा। आखिर में उसे खेती छोड़कर जाना पड़ेगा। जहां तक फसल बीमा का सवाल है, सिर्फ 14 प्रतिशत किसान ही इसका फायदा उठा पा रहे हैं। इसका कारण है कि पिछले 17 सालों में लगभग तीन लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं।

मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि हमारे पूर्व प्रधान मंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी के समय में नदियों से नदियां जोड़ने की एक योजना बनी थी जिसमें माननीय सुरेश प्रभु जी को इंटरलिंकिंग ऑफ रिवर के टास्क फोर्स का अध्यक्ष बनाया गया था। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 5 लाख 60 हजार करोड़ रुपये से नदियों का इंटरलिंकिंग किया जा सकता है जिससे बाढ़ और सूखे से बचा जा सकता है। यही नहीं, अगर यह काम हो जाता है तो इससे 24 हजार मेगावाट बिजली बनेगी, 25 मिलियन हेक्टेयर लैंड में इरिगेशन होगी, 10 मिलियन हेक्टेयर लैंड में ग्राउंड वाटर होगा।...(व्यवधान) मैं पांच मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा।...(व्यवधान) बहुत महत्वपूर्ण बातें हैं। इन्हें पूरा देश सुनना चाहता है। आप मुझे थोड़ा और बोलने की अनुमति दीजिए।...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपका एक-एक शब्द महत्वपूर्ण था। अब आप समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री पी.पी.चौधरी :** मैं पांच मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगा।...(व्यवधान) यही नहीं, मैं पिछली सरकार की नीति के बारे में बताऊंगा। 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपये उद्योगों को प्रोत्साहन राशि दी गई, 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपये इनकम में छूट दी गई, 5 लाख करोड़ रुपये से उद्योग की तरफ देखा गया, कृषि की तरफ नहीं देखा गया। अगर कृषि की तरफ देखा गया होता तो आज कम से कम 55-60 हजार किसानों को रोजगार मिल जाता और रोजगार की तकलीफ नहीं होती। उन्हें रोजगार की तकलीफ नहीं होती। एक मोटे सर्वे के तहत हम ये तकलीफें फेस करेंगे कि प्रतिदिन 50 हजार लोग गांवों से शहर की तरफ पलायन करेंगे। आज दिल्ली में ट्रांसपोटेशन, ट्रैफिक, बिजली, पानी की हालत बहुत खराब है। अगर इस हिसाब से लोग गांव से पलायन करेंगे तो गांव उजाड़ होते जायेंगे, किसान खेती छोड़ने के लिए तैयार हो जायेंगे। एक मोटे सर्वे के अनुसार 42 परसेंट किसान ऐसे हैं, जिन्हें ऑल्टरनेटिव रोजगार मिल जाये तो वे खेती छोड़ने के लिए तैयार हैं। वर्ष 2007 और 2012 के दौरान 3 करोड़ 20 लाख किसान खेती छोड़ चुके हैं और शहरों में छोटे-छोटे काम करने के लिए मजबूर हैं। शहरों में झुग्गी-झोंपड़ी कल्चर आया है, यह इसी कारण आया है। यही नहीं, अगर हम सोचते हैं कि सिर्फ मैनुफैक्चरिंग में ही सब कुछ हो जायेगा, पूरे गांव पलायन करके शहर की तरफ आ जायेंगे तो पिछले दो साल में 57 लाख लोगों की मैनुफैक्चरिंग सैक्टर से नौकरी छूटी है। हमारे प्रधान मंत्री जी ने अभी सांसद आदर्श ग्राम की योजना बनायी है। मुझे लगता है कि इससे इस समस्या का निराकरण होगा। गांवों से शहरों की ओर जो पलायन हो रहा है, वह वापस शहरों से गांवों की ओर होगा। अगर गांव में कृषि के अलावा छोटे-छोटे उद्योग पनपेंगे और हर व्यक्ति

को रोजगार मिलेगा, तो यह पलायन रुकेगा, क्योंकि एक सर्वे के अनुसार यह भी बताया गया है कि वर्ष 2015 तक 40 करोड़ लोग पलायन कर चुके होंगे। अगर हम गांव की टोटल जनसंख्या देखें, तो वह 75 हजार के करीब है। अब आप सोच सकते हैं कि हम शहरों को कैसे संभालेंगे और उन्हें कैसे हाउसिंग फैसिलिटी प्रोवाइड कर सकेंगे? वर्ष 2030 तक यह बताया गया है कि देश की 50 परसेंट जनसंख्या शहरों में रहने लगेगी। हमें यह भी बैलेंस करना पड़ेगा कि गांवों से माइग्रेशन न हो। अगर गांवों से माइग्रेशन न हो तो हमें कृषि को प्रोत्साहन देना होगा।

डॉ. स्वामीनाथन कमिशन ने अपनी रिपोर्ट में जो रिकमेंडेशन्स दी हैं, उन्हें लागू किया जाये, ताकि किसानों को राहत और रोजगार मिल सके और वे गांवों में ही बसे रह सकें। गांवों का विकास हो। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** अधिष्ठाता महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। जैसा सभी सम्मानित सदस्यों ने कहा कि देश की लगभग 70 प्रतिशत जनता आज भी कृषि पर आधारित है। हमारा नैशनल कमिशन ऑन फार्मर्स, जो वर्ष 2004 में प्रो. स्वामीनाथन जी की अध्यक्षता में गठित हुआ, उसने 4 अक्तूबर, 2006 को अपनी रिपोर्ट दी। उन्होंने समय-समय पर पांच रिपोर्ट्स दीं। उस रिपोर्ट में किसानों के समक्ष जो चुनौतियों हैं, उनका जिक्र किया है। मैं अपनी भावनाओं को सम्बद्ध करते हुए कहना चाहूंगा कि नैशनल कमिशन ऑन फार्मर्स पर उन्हें टर्म्स ऑफ रेफरेंस दिया गया था। The terms of reference included - medium-term strategy for food and nutrition security, enhancing the productivity, profitability, stability and sustainability of the major farming systems, policy reforms for sustainable increase in flow of rural credit to all farmers, special programmes for dry land farming for farmers in the arid and semi-arid regions as well as for farmers in hilly and coastal areas, enhancing the quality and cost competitiveness of farm commodities so as to make them globally competitive, protecting farmers from import when international prices fall sharply, and suggest methods of empowering members of elected local bodies to discharge effectively their role in conserving and improving the ecological foundations for sustainable agriculture. आज स्थिति यह है कि जो टर्म्स ऑफ रेफरेंस दिया गया, आज भी हम दुनिया के सबसे बड़े दूसरे देश हैं, जिसके पास खेती योग्य जमीन है। आज भी 179.9 मिलियन हैक्टेयर जमीन भारत में है, जो दुनिया की सैकिंड लार्जेस्ट है। हमारा एक कम्पाउंड एनुअल ग्रोथ रेट भी बढ़ रहा है, वह भी 3.3 पर्सेंट बढ़ रहा है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना ने भी जो कृषि विकास दर रखा है, वह भी चार प्रतिशत रखी है। जैसा कि आज हमारे साथियों ने कहा कि डा. स्वामीनाथन की जो रिपोर्ट है और आज उसके बावजूद एग्रीकल्चर का देश की जी.डी.पी. में एक बड़ी हिस्सेदारी थी, आज वह घटकर 14 से 18 प्रतिशत तक आ गयी है। इसमें कुछ भिन्नता हो सकती है। लेकिन लगभग बात इसी पर आ गयी है कि आज कृषि का योगदान जी.डी.पी. में कम है। आज भी कंट्री का जो वर्क फोर्स है, उसमें 50 प्रतिशत से थोड़ा ही कम रोजगार पैदा कर रहे हैं। भारत पल्सेज में सबसे बड़ा उत्पादक देश है, आज हम पल्सेज में पहले नम्बर पर हैं। राइस, व्हिट में हम दुनिया में दूसरे स्थान पर हैं, लेकिन इसके बावजूद भी जिस तरीके से, आज आप देख रहे हैं कि हमारे यहां खेती की जो पैदावार है, जो हमसे पीछे थे, आज स्थिति यह है कि पैडी के मामले में देखें तो प्रति हेक्टेयर 2929 किलो ग्राम हम पैदा करते हैं, चाईना 6321 किलो ग्राम पैदा करता है, जापान 6414 किलो ग्राम पैदा करता है,

यू.एस.ए. 6622 किलो ग्राम पैदा करता है, इंडोनेशिया भी 4261 किलो ग्राम पैदा करता है, वियतनाम 3845 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर पैदा करता है। इसी तरह से व्हिट में देखें तो हम जहाँ 2583 किलो ग्राम पैदा कर रहे हैं, वहीं चाईना तथा यू.एस.ए. प्रति हेक्टेयर हमसे ज्यादा पैदा कर रहा है। इसी प्रकार से ग्राउंड नट हो या सुगर केन हो, सुगर केन के मामले में हम दुनिया में सबसे बड़े उत्पादक देश हैं। आज जहाँ भारत प्रति हेक्टेयर 68012 किलो ग्राम प्रति हेक्टेयर पैदा करता है, वहीं चाईना 85294 किलो ग्राम और यू.एस.ए. प्रति हेक्टेयर 80787 किलो ग्राम और वियतनाम 65689 किलो ग्राम पैदा करता है। आज इस सरकार को यह चिन्ता करनी होगी कि डा. स्वामीनाथन की जो रिपोर्ट है, हम किस तरीके, एक तरफ जो कृषि योग्य भूमि है, वह किन्हीं योजनाओं के कारण निरंतर घट रही है, चाहे टाऊनशिप के कारण। आज गांव में देखते हैं कि जहां पहले एक-दो दुकानें थीं, वहाँ पर धीरे-धीरे वहां पर पूरे गांव बसते जा रहे हैं, बाजार बसते जा रहे हैं। गांव से जिस तरह से लोग बाहर निकल रहे हैं, उससे निरंतर यह सारा दबाव कृषि भूमि पर है। डा. स्वामीनाथन ने अपनी रिपोर्ट में जो रिक्मेंडेशन दिया था, उसमें सबसे महत्वपूर्ण बात उन्होंने कहा था कि prevent divergence of prime agricultural and forest land to corporate sector for non agricultural purposes. सबसे पहले तो हमें इस बात की चिन्ता करनी होगी कि कृषि योग्य भूमि को गैर-कृषि भूमि न होने दें या गैर-कृषि कार्यों में उसका उपयोग न होने दें। यदि हम किसी टैक्नोलॉजी या कृषि को हम वैज्ञानिक ढंग से करेंगे, जैसा कि हमारे सभी सम्मानित साथियों ने सुझाव दिया है, लेकिन स्वाभाविक है कि हमारे लैंड के होल्डिंग्स दिन-ब-दिन कम होते जा रहे हैं। लोगों का लगातार इंट्रेस्ट कम होता जा रहा है। इन परिस्थितियों में हमें इस बात की चिन्ता करनी होगी कि कैसे इस खेती योग्य भूमि को हम बचा सकें। कृषि योग्य भूमि को हम बचा सकते है, जैसा कि सभी सदस्यों ने कहा, मैं उसे दुहराना नहीं चाहता हूँ, आज भी हमारी खेती नेचर पर ही डिपेन्ड है। आज भी हम इरिगेशन के मामले में 30 पर्सेंट से ऊपर नहीं पहुंच पाये हैं। आज भी हम रेनफॉल के लिए प्रकृति पर ही निर्भर करते हैं। जहाँ प्रकृति पर हम निर्भर कर रहे हों, ऐसी परिस्थितियों में हम क्या-क्या कर सकते हैं, यह बहुत महत्वपूर्ण हैं, मैं बहुत विस्तार में नहीं जाना चाहता हूँ, लेकिन कम से कम हम इस ओर ध्यान दिलाना चाहेंगे। आज किसान को यह भी नही पता होता है कि उनकी जमीन के मिट्टी की हेल्थ क्या है, यदि मानव जाति को कोई समस्या होती है तो वह खुद अस्पताल चला जाता है, लेकिन जमीन के हेल्थ की जानकारी के लिए कोई कृषि विज्ञान केन्द्र हो, एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटिज़ हों, वहाँ पर जो टैक्नोलॉजी लैब में है, यदि वह लैब टू लैंड में ट्रांसफर नहीं होती है तो उन्नतिशील प्रजातियों के बिना हम अपने उत्पादन को नहीं बढ़ा सकते हैं। स्वाभाविक है, आज यह चिन्ता करनी होगी कि जो राष्ट्रीय कृषि विकास नीति में फोकस किया गया है,

हम उसमें पैसा भी दे रहे हैं और राष्ट्रीय विकास नीति में हम सभी राज्यों से आज कम से कम यह अपेक्षा करते थे कि एक स्टेट लेवल कमीशन बनाया जाए। वह अभी तक सेट-अप नहीं हो पाया है। राज्य लोगों के लिए कृषि से संबंधित आयोग नहीं गठित कर पा रहे हैं और हम फेडरल स्ट्रक्चर में पैसा देते चले जा रहे हैं। पिछली बार आपने देखा था कि बजट में राइस उत्पादन करने वाले राज्यों जैसे बिहार, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, वेस्ट बंगाल और दक्षिण के राज्यों के लिए पैसा दिया गया, उसका उपयोग कैसे होगा। स्वामीनाथन की रिपोर्ट में बार-बार यह बात आई कि यह चार प्रतिशत से नीचे हो। चाहे नेशनल क्रॉप लोन की बात हो, आज किसान को कितनी परेशानी किसान क्रेडिट कार्ड में होती है। मैं प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद दूगा कि अभी तक बैंक में खाता खुल ही नहीं सकता था जब तक कोई आपको आइडेंटीफाई न करे। हमारे जैसे व्यक्ति को भी जब बैंक में खाता खोलना होता था तो किसी से आइडेंटीफाई कराना होता था। पहली बार दुनिया में क्रांति हुई है। ...(व्यवधान)

इसलिए मैं समझता हूं कि जहां मैंने स्वाइल हेल्थ की बात की, वैसे ही किसानों की हेल्थ के लिए भी इंश्योरेंस स्कीम हो, उनको अच्छे बीज मिलें, पेस्टीसाइड्स मिलें। फर्टिलाइजर के जो कारखाने बंद हैं, गोरखपुर का कारखाना बंद है, इफ्को के चार कारखाने बंद हैं। मुझे जानकारी मिली है कि 50 हजार करोड रुपये का इनवेस्टमेंट करके हमारी केंद्र सरकार सोच रही है कि उन कारखानों को किस तरह से चलाएं और दो नए कारखाने सेट-अप करें। स्वाभाविक है कि आज किसानों को यूरिया ब्लैक में लेना पड़ रहा है। तमाम राज्यों में यूरिया के संकट की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। एनपीके मिल गया, लेकिन किसान को आवश्यकता के सापेक्ष उसकी आपूर्ति नहीं हो रही है। आपने देखा कि धान की फसल तैयार है। पूरे उत्तर प्रदेश में किसान के लिए मिनिमम सपोर्ट प्राइस 1360 रुपये केंद्र ने तय किए हैं, उसके बजाय उत्तर प्रदेश का किसान 850 रुपये, 900 रुपये प्रति क्विंटल में बेच रहा है। उत्तर प्रदेश के हमारे जितने भी साथी बैठे हैं, हम सभी माननीय सदस्यों के क्षेत्र में आज किसान को 1000 रुपये प्रति क्विंटल दाम नहीं मिल रहा है। स्वाभाविक है कि जहां एक तरफ 50 प्रतिशत लाभ की बात स्वामीनाथन जी ने की है, हम कह रहे हैं कि उसके एट पार भी हो जाए। उसको कम से कम सीड में, खाद में, पेस्टीसाइड में, इरिगेशन में जो खर्च करना पड़ता है, वही मिल जाए, इसकी वजह से लोगों का खेती से मोहभंग हो रहा है। अगर खेती की जीडीपी घटती जाएगी। ...(व्यवधान)

पिछले दिनों जो योजना आयोग था, वह यहां एयर कंडीशन्ड कमरों में बैठकर कभी भी यह नहीं सोचता था कि किसानों की व्यावहारिक दिक्कतें क्या हैं। मैं प्रधान मंत्री जी को बधाई दूंगा कि उन्होंने योजना आयोग को आते ही समाप्त किया और अब उन्होंने कहा है कि राज्यों को भी स्वतंत्र करेंगे, हम राज्यों को भी चाहेंगे कि प्लानिंग में उनकी भी भागीदारी हो। इस तरीके से कृषि के विकास के लिए

पॉलिसी को फार्मूलेट करने के लिए राज्यों के योगदान की बात कही है। मुझे उम्मीद है कि आज जिस प्रस्ताव पर चर्चा हो रही है, स्वामीनाथन जी ने जो रिकमेंडेशन्स दी हैं, उनके परिप्रेक्ष्य में निश्चित तौर से चाहे एक टास्क फोर्स बने या कोई आयोग बने। अब यह जरूरी है कि वर्ष 2004 और 2006 की चीजें केवल यहां सब्मिट होकर केवल सचिवालय या मंत्रालयों में न पड़ी रहें, किसानों की वास्तविकता के धरातल पर उतरे, जिससे उत्पादन बढ़े और किसान खुशहाल हों।

SHRI NAGENDRA KUMAR PRADHAN (SAMBALPUR): Mr. Chairman Sir, I thank you for giving me time to put forward my views.

A number of very senior hon. Members have expressed their opinions on this subject. According to me, the main income of 70 per cent of the population of this country is from agriculture. So, it is important to have certain suggestions. Before giving certain suggestions, I would like to elaborate certain points.

According to the Swaminathan Committee's Report, 11.25 per cent of them are landless labourers; farmers with sub-margin holdings, that is those who are holding 0.01 acre to 0.99 acre, are 40.11 per cent and they are holding 3.80 per cent of the land; farmers with marginal holdings, that is those who are holding one acre to 2.49 acres, are 20.52 per cent and they are holding 13.13 per cent of the land; farmers with small holdings, that is those who are holding 2.50 acres to 4.99 acres, are 13.42 per cent and they are holding 18.59 per cent of the land; farmers with medium holdings, that is those who are holding five acres to 14.99 acres, are 12.09 per cent and they are holding 37.81 per cent of the land; and farmers with large holdings, that is those who are holding 15 acres and above, are 2.62 per cent and they are holding 26.67 per cent of the land. This is one aspect.

The second aspect of the Report is that, with regard to paddy, India produces 2,929 kgs per hectare; whereas China produces 6,321 kgs., Japan produces 6,414 kgs.; the USA produces 6,022 kgs. So, this is the position.

Since Independence, in spite of all our planning, we have come to a position where landless farmers and those who are having less than one acre land, who are really helping the agriculture sector, are not getting even a square meal in a day for 365 days.

Another Report says that from 1995 to 2013, 2,96,438 farmers committed suicide as they are not getting adequate price, adequate employment, etc. The most interesting aspect is that the 76 per cent of the farmers want to give up farming. This is what the Report says. This Report is given by the Government of India, and not by the Press. The sample size of this study is not very large. Just 36

households per district were chosen. The National Sample Survey Organisation and the Census Survey also pointed out agrarian crisis and increasing number of people giving up farming. It covered hundreds of thousands of respondents. So, this is the picture.

This is a State subject. We are discussing this subject in order to know how the Government of India is going to react to this. What is the future of 41 per cent of the landless labourers and the farmers who are having less than one acre of land? Around 76 per cent of the farmers are going to give up this profession. So, in this context, my suggestion is this. Already, a number of hon. Members have given their suggestions. They have explained what is what. I am not getting into those things. Simply, my suggestion is this. Can the Government at least consider giving pension to the landless labourers? It may be Rs.100 a day. The land-owners who have less than one acre of land constitute 41 per cent and they are basing their livelihood on agriculture. If the Government can give a sum of even Rs.100 a day as pension, as I told earlier, the way migration is happening throughout the country will be, I think, addressed like anything. This suggestion may be considered by the Government of India. It may be like the Old-Age Pension or this or that.

Then, I come to the Minimum Support Price. We are talking of the Minimum Support Price and how this will benefit the land-owners owing up to one acre of land as also the landless labourers. The point is that Government is increasing the MSP every year by Rs.50 or Rs.60. It is determined as per production. Some days ago, some hon. Members put a Starred Question and the Government answered that this is a State Subject; the State Government would recommend it to the Central Government. Already on 17 items of agriculture, the

Government of India considers what will be the price. Yes, it is a fact that we have to increase the price of the commodities. We welcome it. But my suggestion is this. The Government should come to the rescue of the landless cultivators as also the land-owning cultivators who have below one acre of land.

With these words, I conclude. Thank you.

**श्री वीरेन्द्र सिंह (भदोही) :** सभापति जी, आज किसान आयोग, जिसे डॉ. स्वामीनाथन जी ने किसानों के संकट और कृषि के संकट के समाधान के लिए बनाया था, इस विषय पर सदन में चर्चा हो रही है। यह विषय हमारे देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। केवल किसान या कृषि का संकट नहीं है, इसके समाधान के लिए संसद में जो चर्चा हो रही है, उसके लिए भी संकट है। इस देश की 65 फीसदी आबादी कृषि से संबंधित है और जिसका प्रतिनिधित्व संसद करती है, उस विषय पर चर्चा हो रही है और सदन में कितनी उपस्थिति है, यह भी देखने को मिल रहा है। मैं किसान हूं इसलिए मैं इस बात से निराश हूं। इस देश की सरकार नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में बनी है, इस बात से मैं उत्साहित हूं कि इसकी परवाह नहीं करते हुए किसानों के हित में आगे की योजना तय की है। मुझे भरोसा है कि किसानों का हित जरूर होगा।

महोदय, मैं इस बात को आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यहां भारत सरकार के कई मंत्री बैठे हैं और कृषि राज्य मंत्री भी बैठे हैं। मैं इनसे निवेदन करूंगा कि कृषि की समस्या, कृषि विभाग की समस्या का समाधान अगर हो सकता है तो कीजिए। कृषि मंत्रालय का नाम बदल कर कृषि या किसान कल्याण मंत्रालय किया जाए। पहले भी स्वास्थ्य मंत्रालय का नाम बदल कर परिवार कल्यारण मंत्रालय वर्ष 1977 में किया गया था। इससे कम से कम यह बोध तो होगा कि कृषि कल्याण के लिए है और कृषकों के कल्याण के लिए है। महोदय, समस्या एक ही नहीं है, यह आप जानते हैं। आप किसान रहे हैं और किसान की समस्याओं के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश की असेम्बली में हमेशा चिंतित रहे हैं। मैं कह सकता हूं कि कृषि की समस्या केवल कृषि मंत्रालय या किसी एक मंत्रालय से संबंधित नहीं है। जब कृषि के उत्पादन के व्यापार का सवाल आता है तो वाणिज्य मंत्रालय से उसका संबंध हो जाता है। जब कृषि मंत्रालय के अनुदान और उसके बजट का सवाल आता है तो वित्त मंत्रालय से संबंधित हो जाता है। जब कृषि के लिए सिंचाई का सवाल आता है तो जल संसाधन से संबंधित हो जाता है। जब कृषि से संबंधित सिंचाई के लिए बिजली से संबंधित सवाल आता है तो बिजली मंत्रालय से संबंधित हो जाता है। जब सब सवाल खत्म हो जाते हैं और यहां से किसी सवाल का उत्तर हम चाहते हैं तो यह कहा जाता है कि यह तो राज्य का विषय है।

संकट यह है कि कृषि मंत्रालय एक मंत्रालय क्यों नहीं हो सकता? मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि देश में कृषि का जितना बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर है, किसी भी मंत्रालय का इतना बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। भारत सरकार के मंत्रियों से मेरी प्रार्थना है कि कृषि का अलग से बजट प्रस्तुत क्यों नहीं हो सकता? रेल का अलग से बजट प्रस्तुत हो सकता है तो कृषि का अलग से बजट क्यों नहीं प्रस्तुत हो सकता? मेरा निवेदन है कि कृषि के अलग से बजट प्रस्तुत करने की योजना के विषय में विचार करना

चाहिए। संकट एक नहीं है। इस देश के साढ़े तीन लाख किसानों ने आत्महत्या की। उसकी समीक्षा कभी नहीं हुई है और नरेन्द्र भाई के नेतृत्व में हमारी सरकार 6 महीने से बनी हुई है। 1991 में आर्थिक नीतियों के बनने के बाद किसानों की आत्महत्या का सिलसिला शुरु हुआ। मैं इस बात को दावे के साथ कह सकता हूं कि इस देश में इससे पहले किसानों ने आत्महत्या नहीं की। 1991 के बाद की नीतियों ने किसानों के हाल को इतना बेहाल कर दिया कि साढ़े तीन लाख किसानों ने आत्महत्या की। ऐसा मैं नहीं कह रहा हूं, पिछली सरकार के कृषि मंत्री शरद पवार जी ने उधर से कहा था कि इस देश में साढ़े तीन लाख किसानों ने आत्महत्या की। यह बहुत ही दुखद है।

कृषि हमारी जीवनधारा है और इस जीवनधारा में कुछ लोग कह रहे थे कि कृषि के उत्पादन की लाभकारी कीमत स्वामीनाथन आयोग ने अपनी रिपोर्ट में दी है कि उसकी लागत पर पचास फीसदी का लाभ मिलना चाहिए। यही बात कृषि के मूल उत्पादन के मूल्य निर्धारण करने वाली जो सरकारी समिति है, उसने भी यही कहा है कि इससे समाज में विकृति पैदा हो जाएगी। मुझे किसान होने के नाते चिंता इस बात की है कि कृषि, खेत-खलिहान के उत्पादन का मूल्य इस देश में जब बढ़ता है तो हाहाकार मच जाता है। लेकिन कारखाने में उत्पादित चीजों का मूल्य जब बढ़ता है जब किसान उसका उपभोक्ता है तो कभी भी कानोंकान तक खबर नहीं होती है। इसी 1962 वाली संसद में डा. राम मनोहर लोहिया और उस संसद में डा. राम मनोहर लोहिया और रामसेवक यादव तथा उस संसद में दत्तोपंथेगड़ी ने बहस करते हुए कहा था कि इस देश के किसानों को जब तक उनके उत्पादन की लाभकारी कीमत नहीं मिलेगी तब तक स्वराज्य का असली सपना साकार नहीं हो सकता और गांधी जी ने भी आजादी से पहले कहा था कि इस देश का स्वराज्य का सपना तभी साकार हो सकता है जब यहां के किसानों की खुशहाली उसके परिवार में दिखेगी और खुशहाली की दिशा वह तय करेगा।

इस देश को आजाद करने के जितने किसान आंदोलन इस देश में हुए हैं, चाइना में भी इतने किसान आंदोलन नहीं हुए हैं। इसी देश में नील का किसानों ने आंदोलन किया। इसी देश में बाबा रामचंद्र के नेतृत्व में अवध किसान आंदोलन हुआ। इसी देश में गुजरात में बल्लभ भाई पटेल के नेतृत्व में भरदोली में किसानों का आंदोलन हुआ। उसी किसान आंदोलन ने इस देश को आज़ाद करने का रास्ता दिखाया। लाभकारी कीमत के लिए जब कानून बनाने की बात आती है तो कहते हैं कि किसानों के उत्पादन की लाभकारी कीमत जब बनेगी तो देश में हाहाकार मच जाएगा। मैं प्रामाणिकता के साथ कह रहा हूं, बहुत लोगों ने आंकड़े प्रस्तुत किये हैं और हमारे साथियों ने कागज देखकर आंकड़े प्रस्तुत किये हैं। मैं बिना आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बता रहा हूं कि जब बैंक के राष्ट्रीयकरण का मसौदा तैयार हुआ था, उस समय बैंक के राष्ट्रीयकरण के समय यह तय हुआ था कि जहां जो डिपॉजिट होगा, उसका 45 फीसदी पैसा उस

क्षेत्र के विकास के लिए खर्च किया जाएगा। बैंक के राष्ट्रीयकरण का वह मसौदा कहां गया? लेकिन मैं आज अपने प्रधान मंत्री जी को बहुत बहुत धन्यवाद देना चाहूंगा कि बैंक के राष्ट्रीयकरण के बाद प्रधान मंत्री जन-धन योजना को लागू करके इस देश में खुशहाली का रास्ता दिखाने का उन्होंने काम किया है।

सभापति जी, आज बैंकों में कौन पैसा जमा करता है, कृषि मंत्री जी आप बैंकों की रिपोर्ट उठाकर देख लीजिए, बैंकों में पैसा वही जमा करते हैं, जो छोटे किसान होते हैं, जो कारीगर होते हैं और खेत में काम करने वाले खेतिहर मजदूर होते हैं, जिनके बच्चे खेतों में पसीना बहाते हैं और सीमा की सुरक्षा के लिए खून भी बहाते हैं, वही लोग पैसा जमा करने वाले होते हैं। आज भी कस्बों और गांवों में सबसे ज्यादा डिपाजिट बैंकों में होता है और किसानों को कर्जा देते हैं तो आप भी रिकार्ड उठाकर देख लीजिए कि सबसे ज्यादा रिकवरी अगर पैसे की होती है तो किसानों की होती है, खेतिहर मजदूरों की होती है, छोटे-छोटे लोगों की होती है। पैसे का घोटाला कौन करता है, पैसे का घोटाला वे करते हैं, जो लोग कारपोरेट के समर्थन में बात करते हैं। हजारों करोड़ रुपये का घोटाला हो जाता है, कानों-कान कोई नहीं जानता है। साठ हजार करोड़ रुपये किसानों का कर्जा माफ कर दिया गया तो लोगों से कहा कि हमने बड़ा काम कर दिया, आज वे लोग यहां बैठे हैं। साठ हजार करोड़ रुपये का कर्जा माफ किया गया, उससे किसका लाभ हुआ, जो बैंकों का पैसा डूब रहा था, बैंकों का लाभ हुआ। उससे किसानों का लाभ नहीं हुआ, जो किसान पैसा जमा नहीं कर पाये, कर्जा उन्हीं का माफ हुआ, जिन किसानों ने अपना कुछ कर्जा दे दिया था, उनका कर्जा माफ नहीं हुआ। यह किस हैसियत से हम लोगों के सामने और हमारे जैसे किसानों के सामने बोलते हैं।

सभापति जी, कुछ लोग कहते हैं कि अगर कैमिकल नहीं होता तो उत्पादन नहीं होता। इस देश की प्राचीन परम्परा को जो नहीं जानते हैं, वही इस बात को कहते हैं। हम कहते हैं कि अपने देश की प्राचीन परम्परा का अनुसंधान हमें किसने सिखाया है।

**माननीय सभापति :** अब आप समाप्त कीजिए।

**श्री वीरेन्द्र सिंह :** सभापति जी, मैं अपनी बात कहूंगा और मेरा आपसे निवेदन है कि मैं दो मिनट और बोलूंगा, मेरी किसानों की जरूरी बात है, यदि आप कहेंगे तो मैं अभी बैठ जाता हूं। लेकिन मेरा निवेदन है कि मुझे अपनी बात कहने दीजिए। यहां के किसानों को किसने सिखाया की आषाढ़ के महीने में खरीफ की खेती होती है, यहां के किसानों को किसने सिखाया कि कार्तिक के महीने में रबी की खेती होती है। वैदिक व्यवस्था में, वेदों में ये सारी चीजें लिखी हुई हैं और उसके माध्यम से हमारे देश के किसान किसी कृषि

वैज्ञानिक से बहुत बड़े होते हैं। वे जानते हैं कि खऱीफ की खेती आषाढ़ में होती है, रबी की खेती कार्तिक माह में होती है।

मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। खेती के साथ जुड़ा हुआ पशुधन का मामला है। आजादी के बाद पशुओं की संख्या बहुत भारी मात्रा में घटी है। दुनिया में सबसे ज्यादा दुग्ध उत्पादन करने वाला अपना क्षेत्र है। लेकिन उसके साथ एक बहुत बड़ी दुखद समस्या भी जुड़ी हुई है। स्वामीनाथन ने इस रिपोर्ट में कहीं भी जिक्र नहीं किया, केवल पशुधन के संरक्षण की बात की है, लेकिन पशुधन का संरक्षण कैसे होगा। उसने चर्चा की है कि कैमिकल खादों पर सब्सिडी दी जाती है। जब अनाज की कमी थी तो कुछ समय तक कैमिकल खादों से खेतों में हरित क्रांति के नाम पर उत्पादन बढ़ाने की व्यवस्था की जा सकती थी। लेकिन सदा के लिए कैमिकल खादों का प्रयोग करके इस देश को और दुनिया को रोग के बाजार में धकेलना, समाज को रोगी बनाना कहां तक तर्कसंगत है। आज क्यों आर्गेनिक खेती का चलन बढ़ाने की वकालत दुनिया में हो रही है, वह इसलिए हो रही है क्योंकि कैमिकल खादों के द्वारा पैदा किया गया अनाज रोग पैदा कर रहा है, इसीलिए आर्गेनिक खेती के विस्तार की चर्चा हो रही है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि कैमिकल खादों पर इतनी बड़ी सब्सिडी दी जाती है, मेरा कृषि मंत्री जी से निवेदन है कि यदि हो सकता है तो आप यह कीजिए, आज गोबर की खाद पर सब्सिडी क्यों नहीं दी जा सकती है। यदि गोबर की खाद पर सब्सिडी दी जायेगी, पूछ लीजिए, प्रधान मंत्री जी ने गुजरात में मुख्य मंत्री के नाते गोबर बैंक की स्थापना की थी।

**माननीय सभापति :** माननीय वीरेन्द्र सिंह जी, अब आप खत्म कीजिए।

**श्री वीरेन्द्र सिंह :** हां अभी समाप्त करते हैं, लेकिन अपनी बात कहकर समाप्त करेंगे। प्रधान मंत्री जी ने गोबर बैंक की स्थापना करके गुजरात में एक नई क्रांति ला दी है। मैं इस बात को कह सकता हूं, मैं एक सदस्य की भूमिका का निर्वाह करते हुए मांग करता हूं कि हम कैमिकल खादों पर इतनी बड़ी सब्सिडी दे सकते हैं तो गोबर की खाद पर सब्सिडी क्यों नहीं दे सकते हैं। यदि गोबर की खाद पर सब्सिडी देंगे तो पशुधन की जो हत्या हो रही है, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि वह रुक जायेगी, वह कानून से रुकने वाली नहीं है।

**<u>18.00 hrs</u>**

तब सभी लोगों के मन में यह बात आएगी कि अगर हमारे पास दूध न देने वाला पशु भी होगा, तो कम से कम हमें कुछ पैसे की तो आमदनी होगी। इसलिए मैं इस बात को कह सकता हूँ। स्वामीनाथन की सारी रिपोर्ट के बारे में मुझे कुछ नहीं कहना है, लेकिन एक बात मैं कह सकता हूँ, जो कि हमारे घोषणा पत्र में

भी है कि लागत पर 50 फीसदी लाभकारी मूल्य मिलना ही चाहिए। इस देश का किसान केवल किसान ही नहीं है, उत्पादक ही नहीं है, वह उपभोक्ता भी है। जब तक किसान की खरीदने की ताकत नहीं बढ़ेगी, आप बाजार के समर्थकों को ऐलान कर के बता दीजिए, तब तक बाजार बढ़ने वाली नहीं है। इस देश की 75 फीसदी आबादी, जो कि किसान है, जब उसकी खरीदने की ताकत बढ़ेगी, तभी बाजार में ताकत आएगी। अगर उनकी जेब में पैसे नहीं होंगे तो बाजार भी चौपट हो जाएंगे। कोई भी माई का लाल उसको रोक नहीं सकता है।

सभापति जी, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूँ कि स्वामीनाथन ने किसान आयोग की रिपोर्ट में जो कहा है कि लागत पर किसान के उत्पादन का 50 फीसदी लाभकारी मूल्य मिलना चाहिए, उसे इस संसद को स्वीकार करना चाहिए। इस बात को मैं पुनः दोहराते हुए अपनी बता समाप्त करता हूँ।

HON. CHAIRPERSON : Hon. Members, before the House is adjourned, I would like to say that Shri Sharad Tripathi will speak when the discussion on this Resolution resumes next time.

The House stands adjourned to meet on Monday, the 8th of December, 2014 at 11 a.m.

**18.01 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*
*On Monday, December 8, 2014/Agrahayana 17, 1936 (Saka).*

---